शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 184 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 30 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# लोकसभा में केंद्र पर जमकर बरसे राहुल गांधी

## 'महाभारत में अभिमन्यु जिस चक्रव्यूह में फंसा, वही अब हिंदुस्तान के साथ'

### पीएम मोदी ने पूरे देश को चक्रव्यूह में फंसाने का काम किया: राहुल

**नई दिल्ली**
संसद में बजट को लेकर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान भाषण देते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की लड़ाई में जिस तरह अभिमन्यु को फंसाया था, उसी तरह इस 21वीं सदी में पूरे हिंदुस्तान को चक्रव्यूह में फंसाया गया है।

**देश को चक्रव्यूह में फंसाया गया**
राहुल ने आगे कहा कि 6 लोगों ने अभिमन्यु को फंसाकर मारा था और उसी तरह इस समय भी 6 लोग ही देश को चक्रव्यूह में फंसा रहे हैं। राहुल ने कहा इसे पीएम मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, मुकेश अंबानी और अदाणी जी कंट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ ये 6 लोग ही देश को चलाने का काम कर रहे हैं।

**छाती पर चक्रव्यूह का साइन लेकर घूम रहे पीएम**
चक्रव्यूह का दूसरा नाम पद्म होता है, मतलब लोटस होता है। 21वीं सदी में नया चक्रव्यूह भी लोटस की शेप में है और उसका चिन्ह पीएम मोदी अपनी छाती पर लगाकर घूमते हैं।

**पहले तोड़ी टांग, अब बैंडेज लगा रहे**
राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना काल में छोटे बिजनेस को खत्म कर दिया। उससे देश की रीड की हड्डी टूट गई है। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं किया गया। राहुल ने कहा कि एक इंटर्नशिप प्रोग्राम की बात की गई और आपने कहा कि 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को नौकरी दी जाएगी, लेकिन 99 फीसद युवाओं को इससे लेना देना नहीं है, तो इसका मतलब है कि आपने पहले टांग तोड़ दी और फिर बाद में आप बैंडेज लगा रहे हैं।

**ए1 और ए2 चला रहे पूरी अर्थव्यवस्था**
राहुल ने आगे कहा कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था केवल दो लोगों के हाथों में है। उन्होंने पहले अडानी और अंबानी का नाम लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा टोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि अब मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन ए1 और ए2 कह दूंगा।

**किसानों को भी चक्रव्यूह में फंसाया**
राहुल ने कहा कि इस सरकार ने किसानों को भी चक्रव्यूह में फंसाया है। किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुझसे मिलने आया, लेकिन उन्हें मुझसे नहीं मिलने दिया जा रहा था। राहुल ने कहा कि देश के अन्नदाता केवल एमएसपी की लीगल गारंटी मांग रहे हैं, लेकिन बजट में कुछ नहीं किया गया।



### पेपर लीक का उठाया मुद्दा

**राहुल** ने इसी के साथ पेपर लीक का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि बजट में वित्त मंत्री नीट पेपर लीक पर कुछ तो बोलेंगी, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बोला।
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सदन में सरकार पर अग्निवीर मामले में झूठ बोलने का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन को बताया था कि अग्निवीर शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था। मगर यह केवल बीमा भुगतान था, मुआवजा नहीं।

### अग्निपथ योजना पर देश को गुमराह करने की कोशिश: राजनाथ

**नई दिल्ली**
**कांग्रेस सांसद और** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बजट पर चर्चा के दौरान संसद में अग्निवार का मुद्दा उठाया। गांधी ने अग्निवीर मामले में सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के आरोप पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि



राहुल गांधी राष्ट्रीय सुरक्षा और अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे पर देश को गुमराह कर रहे हैं।
राहुल गांधी की टिप्पणी के तुरंत बाद लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने बजट के बारे में कई गलतफहमियां फैलाने की कोशिश की है।
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बहस के जवाब में अपनी बात रखेंगी।

### राहुल गांधी को सदन की मर्यादा की 'ट्यूशन' लेने की आवश्यकता : प्रधान



**नई दिल्ली**
केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते पहले राहुल गांधी को सदन की मयार्दा में रहकर कैसे वक्तव्य दिया जाता है, इसकी ट्यूशन लेने की आवश्यकता है। प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने आज लोकसभा में बजट पर चर्चा के समय का इस्तेमाल फिर अपनी नकारात्मक राजनीति के लिए किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा इरादतन रूप से बार-बार सदन की गरिमा को गिराने का काम किया गया है। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते पहले राहुल गांधी को सदन की मर्यादा में रहकर कैसे वक्तव्य दिया जाता है, इसकी ट्यूशन लेने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि चुनावी सभा और संसद में भाषण देने में अंतर होता है, आज फिर राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस की अपरिपक्वता देश की जनता के सामने उजागर हुई है। नेता प्रतिपक्ष को सदन की नियमावली को ठीक से समझकर उसके अनुसार आचरण करने की जरूरत है। सदन देशहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए है, अपनी राजनीति के लिए संसद की पवित्र गरिमा का मजाक उड़ाया जाना निंदनीय है। विपक्ष हमेशा संविधान की फोटो दिखाता है, लेकिन इनकी शैली शुरू से ही संविधान को अपमानित करने की रही है, ये लोग सबसे बड़े संविधान विरोधी हैं। प्रधान ने कहा कि चाहे देश के दलितों की बात हो, गरीबों की बात हो, किसानों की बात हो, छात्रों की बात हो, खिलाड़ियों की बात हो, मध्यम वर्गीय परिवारों की बात हो, कांग्रेस की इनके प्रति क्या सोच रही है।

### हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत बरकरार

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लांड्रिंग मामले में झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को ईडी की ओर से चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लांड्रिंग मामले में झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। झारखंड हाई कोर्ट ने 3 जुलाई को हेमंत सोरेन को जमानत दी थी। झारखंड हाई कोर्ट ने सोरेन को जमानत देते हुए कहा था कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। सोरेन को भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था। लोकसभा चुनाव के पहले हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अंतरिम जमानत की मांग की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कोई राहत देने से इनकार कर दिया था।

### जाति जनगणना पर राहुल गांधी को मिला जदयू का साथ

**नई दिल्ली**
कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को संसद में जातिगत जनगणना की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि देश जातिगत जनगणना चाहता है। अब केंद्र सरकार में भाजपा की सहयोगी जेडीयू का साथ भी राहुल गांधी को मिल गया है। जेडीयू ने स्पष्ट किया है कि वह देशभर में जातिगत जनगणना के पक्ष में है।

**बिहार की तर्ज पर जाति जनगणना के पक्ष में**
जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि जेडीयू बिहार के तर्ज पर पूरे देश में जातिगत जनगणना के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि मैं बिहार सरकार के उस फैसले का भी स्वागत करता हूं, जिसमें उन्होंने आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह किया है। सोमवार को राहुल गांधी ने संसद में कहा कि आपने जो 'चक्रव्यूह' बनाया है। इससे करोड़ों लोगों को नुकसान हुआ है। हम इस चक्रव्यूह को तोड़ेंगे। इसे तोड़ने का सबसे बड़ा तरीका जाति जनगणना है। जिससे आप सब डरते हैं।

### दिल्ली में बुलडोजर चलेगा या नहीं: अखिलेश

**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी में डूबकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाली दो छात्राओं और एक छात्र की मौत हो गई। मामले में दिल्ली पुलिस और एमसीडी ने आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। ओल्ड राजिंदर नगर की घटना की गूंज सोमवार को संसद में भी सुनाई दी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने लोकसभा में हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया।

**जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई हो रही है?**
यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने राव कोचिंग सेंटर हादसे को दर्दनाक



घटना बताया है। उन्होंने संसद में कहा, "यह एक दर्दनाक घटना है। योजना बनाना और एनओसी देना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है। सवाल यह है कि कौन जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है?"


**सरकार दिल्ली में बुलडोजर चलाएगी या नहीं- अखिलेश यादव**
उन्होंने आगे कहा, "यह अवैध निर्माण का सिर्फ एक मामला नहीं है, हम उत्तर प्रदेश में देख रहे हैं कि अवैध इमारतों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, क्या यह सरकार यहां बुलडोजर चलाएगी या नहीं?"

**हादसा दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही- बांसुरी स्वराज**
इससे पहले नई दिल्ली से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उन्होंने इस घटना को दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही करार दिया। वहीं, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और पप्पू यादव ने भी इस मामले पर लोकसभा में सवाल उठाया।

### हम नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर', आईएएस कोचिंग हादसे के बाद छात्र ने चंद्रचूड़ को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से शनिवार शाम तीन छात्रों की डूबकर मौत हो गई। वहीं, अब इस मामले में एक छात्र ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिख कर राजेंद्र नगर और मुखर्जी नगर जैसे क्षेत्रों में खराब बुनियादी ढांचे की ओर ध्यान दिलाया है।

**अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**
छात्र अविनाश दुबे ने सीजेआई को लिखे अपने पत्र में आरोप लगाया है कि वह दिल्ली में नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं।




अपने पत्र में छात्र ने सीजेआई चंद्रचूड़ से तीन साथी छात्रों की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग के साथ-साथ अन्य छात्रों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा की भी मांग की है।

**सीजेआई से लगाई गुहार**
अविनाश दुबे ने एक इमारत के बेसमेंट में तीन छात्रों के डूबने की घटना का जिक्र किया है। अपने पत्र में छात्र ने प्रधान न्यायाधीश से गुहार लगाते हुए लिखा- मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर जैसे इलाके नगर निगम की लापरवाही के कारण कई सालों से हर साल जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हमें घुटनों तक भरे नाले के पानी में चलना पड़ता है। अपनी परीक्षा की तैयारी करने के लिए हमें यहां नरक जैसी जिंदगी जीनी पड़ रही है। अपनी शिकायत में उसने कहा कि बाढ़ और सीवेज का पानी कभी-कभी घरों में भी घुस जाता है।

**13 कोचिंग सेंटर में लगा ताला**
वहीं, तीन छात्रों की मौत के बाद अब दिल्ली नगर निगम (टउऊ) की आंखें खुली है। इस दुखद हादसे के बाद टउऊ ने पुराने राजिंदर नगर इलाके के 13 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया है। ये सभी नियमों का उल्लंघन करते पाए गए है।

### कोचिंग रिटर्न देने वाला एक समृद्ध उद्योग बन गया है: धनखड़



### राज्यसभा में दिल्ली के कोचिंग सेंटर में यूपीएससी अभ्यर्थियों की मृत्यु पर चर्चा हुई

**नई दिल्ली**
राज्यसभा में सोमवार को दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में जलभराव के कारण यूपीएससी अभ्यर्थियों की दुखद मृत्यु पर राज्यसभा के नियम 176 के तहत अल्पकालिक चर्चा हुई। चर्चा की अनुमति देते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धाखड़ ने टिप्पणी की, मुझे लगता है कि देश के युवा जनसांख्यिकीय लाभांश को पोषित करना अति आवश्यक है। मैंने पाया है कि कोचिंग अब व्यापार बन गया है। धनखड़ ने कोचिंग सेंटरों द्वारा अखबार के विज्ञापनों पर किए जाने वाले भारी खर्च पर भी चिंता व्यक्त की, जो छात्रों से ली जाने वाली भारी फीस से किया जाता है। उन्होंने कहा, कोचिंग उच्च रिटर्न के साथ एक समृद्ध उद्योग बन गया है। हर बार जब हम अखबार पढ़ते हैं तो पहले एक या दो पन्नों में कोचिंग विज्ञापन जरूर होते हैं। उन्होंने आगे कहा, विज्ञापन पर खर्च किया गया एक-एक पैसा छात्रों की फीस से आ रहा है, हर नई इमारत छात्रों से आ रही है। कोचिंग कल्चर के कारण देश में बनाए गए साइलो की तुलना 'गैस चैंबर्स' से करते हुए सभापति ने कहा, ह्लहमारे देश में जहां अवसर बढ़ रहे हैं, ऐसे साइलो बड़ी समस्या बन रहे हैं। ये किसी गैस चैम्बर से कम नहीं हैं। उन्होंने सदन के सदस्यों से युवाओं के लिए देश में उपलब्ध रोजगार और कौशल विकास के विभिन्न अवसरों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। सदन के कुछ दलों के नेताओं द्वारा सभापति के कक्ष में सदन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सुझाव देने का बहिष्कार और विरोध की प्रथा पर अफसोस जताते हुए धनखड़ ने कहा, मुझे अपनी पीड़ा साझा करने दीजिए, मुझे अपना दर्द साझा करने दीजिए।

### धर्मेंद्र प्रधान ने कोचिंग सेंटर में तीन आईएएस अभ्यर्थियों की मौत के लिए लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली**
**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक प्रमुख कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के लिए लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली कोचिंग सेटर हादसे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घटना को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि इसको लेकर सरकार सजग है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि



लापरवाही तो हुई है। जब जवाबदेही तय होगी, तभी समाधान निकलेगा। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र ने 2017, 2019 और 2020, 2024 में निरंतर रूप से राज्यों को दिशा-निर्देश भेजा है। इससे पहले लोकसभा में मंत्री ने कहा था कि सरकार ने इस वर्ष जनवरी में कोचिंग सेंटरों के नियमन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए थे। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली में तीन तीन आईएएस अभ्यर्थियों की मौत का जिक्र किया और कहा कि संस्थान के पास कोई स्वीकृत इमारत नहीं है।

### सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली**
सीबीआई ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा के समक्ष सोमवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके पहले ईडी भी केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। केजरीवाल को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के मामले में अंतरिम जमानत दी है। वो सीबीआई के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को देर शाम को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## चीन के साथ हमारा एक मुद्दा, समाधान हम दोनों को ही निकालना है: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली**
**विदेश मंत्री** जयशंकर ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर कहा है कि चीन के साथ हमारा एक मुद्दा है और इसका समाधान हम दोनों को ही निकालना है। हम भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।

**किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार किया**
विदेश मंत्री ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। टोक्यों में संवाददाता सम्मेलन में कई सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं



देख रहे हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं।

**चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई बैठक का जिक्र किया**
उन्होंने कहा कि हमारे बीच एक समस्या है या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एक मुद्दा है। मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने इस महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई अपनी बैठक को जिक्र करते हुए कहा कि जाहिर है, दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश हैं और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन हम अपने बीच के वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं।

**लाओस की राजधानी में मुलाकात हुई थी**
जयशंकर और वांग की पिछले सप्ताह लाओस की राजधानी में मुलाकात हुई थी, जहां उन्होंने दक्षिण पूर्व एशियाई संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लिया था। बैठक के दौरान उन्होंने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की थी। चार जुलाई को जयशंकर और वांग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के दौरान कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में मुलाकात की थी।

**रूस और यूक्रेन संघर्ष में भारत अधिक सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार : विदेश मंत्री**
विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दोहराया की रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष का हल युद्ध के मैदान में नहीं हो सकता। भारत इस विवाद के संबंध में रूस और यूक्रेन के साथ अपने संवाद को बढ़ाने का इच्छुक है। हालांकि विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित यूक्रेन यात्रा के बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं दी। उन्होंने केवल इतना कहा सही समय पर सही माध्यम के जरिए हम अपनी बात स्पष्ट करेंगे। जापान में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 शिखरवार्ता के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी।

# कोरांव मार्ग पर बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, 4 की हालत नाजुक

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत कोरांव मुख्य मार्ग पर मौखार , गिरधरपुर में दो बाइकों की तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर आमने-सामने भिड़ंत हो गई। वहीं राहगीरों की सूचना पर मांडा पुलिस ने राहगीरों के सहयोग से टैम्पो पर बैठाकर सीएचसी मांडा भेजा गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर शहर के लिए रिफर कर दिया और बताया कि तीन की हालत नाजुक हैं।

सोमवार लगभग ग्यारह बजे मांडा थाना क्षेत्र के मौखार, गिरधरपुर कोरांव मुख्य मार्ग पर दो बाइक आमने सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर भीड़ गए। जो दो गांव तिसेनतुलापुर व बेदौली से संदीप कुमार उम्र (18)पुत्र कृष्णा प्रसाद, आकाश कुमार उम्र (16)पुत्र नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार उम्र (21)पुत्र चांद्रशेखर(28),आदर्श कुमार(24), शिवम् कुमार मौर्य उम्र (16) की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमे शिवम् को छोड़ बाकी

## एंबुलेंस सेवा घायलों के लिए असफल, सरकारी सेवा के अभाव में दम घुट रहे थे घायल



की हालत नाजुक हैं। वहीं एक तरफ देवकुण्ड नाथ मन्दिर कोसड़ाकला मांडा कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित धाम से घर के लिए लौट रहे थे और दूसरी बाइक सवार अपने घर से देव कुण्ड नाथ मन्दिर के लिए जा रहे थे।

घटना के घंटो बाद तक नहीं पहुंच पाया एंबुलेंस सेवा, राहगीर व पुलिस की सहयोग से घायलों को सीएचसी मांडा भेजा गया। जहां कि डॉक्टरों ने तत्काल शहर के लिए रिफर कर दिया है। लेकिन राहगीर एंबुलेंस सेवा के लिए बार बार फोन किया। वहीं जनता के लिए सरकारी सेवा न उपलब्ध होने पर दम घुट रहे घायलो के नाकाम साबित हुआ।

# वृद्ध की ट्रेन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा-** बाजार से खरीदारी कर-के लौट रहे वृद्ध की ट्रेन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। थाना क्षेत्र के उमापुर कलां गाँव निवासी रामशंकर दूबे (80) रविवार सायं लगभग सात बजे खरीदारी के लिए बाजार गए थे। लौटते समय लगभग साढ़े सात बजे नॉर्थ ईस्ट ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। राम शंकर घर पर अकेले रहते थे। उनका पूरा परिवार मुंबई में रहता है। बेटे धीरज को पिता के मौत की सूचना पुलिस ने दे दी है। पिता की मौत की खबर सुनकर मुंबई से घर के लिए परिजन निकल दिये हैं। पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया है। बेटे के आने की प्रतीक्षा की जा रही है। रेलवे अंडरपुल की मांग उमापुर कला गाँव के लोगों द्वारा पिछले कई वर्षों से की जा रही है। लोकसभा चुनाव का भी इसी मुद्दे पर इस बार ग्रामीणों ने बहिष्कार किया था। यदि रेलवे अंडरपुल बन गया होता, तो शायद यह घटना न होती।



यूनियन बैंक की फूलपुर शाखा में आधार अपडेट करवाने के लिए लाइन में लगे ग्रामीण

# आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए बैंक में लगी लाइन

**फूलपुर।** आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए सोमवार को फूलपुर स्थित यूनियन बैंक के सामने लाइन में लगे ग्रामीण तेज धूप व उमस से गश खाकर गिर गए जिससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा उनपर पानी की छींटे मारी गई तब जाकर उन्हें होश आया।

### तेज धूप व उमस से गश खाकर गिरे ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया की बैंक खुलने से पहले ही घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं परन्तु आधार सेंटर पर मनमानी के चलते समस्या हो रही है। बता दें की राशनकार्ड मे ई-केवाईसी के चलते आधार सेंटर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट रही है। ग्रामीणों ने आधार सेंटर पर सुलभता से आधार अपडेट करवाने की व्यवस्था करवाने के साथ ही छाया एवं पानी की उपलब्धता की मांग की।



# मनकामेश्वर और सौनवै सिद्धनाथ मंदिर पर भोले बाबा के भक्तो द्वारा किया गया जलाभिषेक

**बम बम के जयकारों से गूंज उठा दरबार**

**लालापुर।** क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम में सावन के दूसरे सोमवार को कावरियों ने जलाअभिषेक कर बम बम बोले का जयकारा लगा कर जल चढ़ाये और सोनवै स्थित भोलेनाथ के मंदिर में बजरंगबली की प्रज्वलित मूर्ति देखने मात्र से काटते हैं पाप बुजुर्गों से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर की मूर्ति प्राचीन काल से स्थापित है और मंदिर की सौंदर्यी करण 2022 में की गई है वहाँ भी भोले के भाक्त ने दर्शन किये और जलाभिषेक किये लालापुर मनकामेश्वर मंदिर बोल बंम का गुंजा नारा सावन मास में दुसरा सोमवार को भूतेश्वर भोलेनाथ पर श्रद्धालुओं की लगी कतार भक्त लोग सहायक अध्यापक रावेश सहायक अध्यापक रवि सहयाक अध्यापक राम सिंह सहायक अध्यापक शुक्ला, सतीश द्विवेदी राहीं सुरज द्विवेदी शशिकांत तिवारी मनभावन मिश्रा विजय बहादुर अच्छाय गाना मंजू गाना दीपांजलि द्विवेदी मुस्कान प्रिया द्विवेदी उजागर मिश्रा आदि लोग अभिषेक किये।

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भक्त रहे भक्ति में लीन : जय शिव के लगे जयकारे

**थरवई।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार का भी बड़ा महत्त्व है बताया जाता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा अराधना से दो गुना ज्यादा शुभ फलों की प्राप्ति होती है। कई मान्यताओं के अनुसार सावन के दूसरे सोमवार पर कई शुभ संयोग का निर्माण होता है। हिंदू धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है। यह माह भगवान शिव को समर्पित होता है शास्त्रों के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव ही रुद्र रुप में सृष्टि का संचालन करते हैं मान्यता है कि भगवान शिव को पाने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की थी तो सावन के महीने में भगवान शिव ने माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वरदान दिया था। सावन महीने की शुरूआत 22 जुलाई से हुआ और इसका समापन 19 अगस्त को होगा। सावन में इस

## भारी संख्या में जलाभिषेक के लिए पहुंचे श्रद्धाल



बार 5 सोमवार पड़ेंगे। सावन के दूसरे सोमवार का भी विशेष महत्व है। इस दिन लोग भक्त व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा- अर्चना करते हैं।

**पंचकोषी परिक्रमा से जुड़ा**

**पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला :**

पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला मंदिर भी प्रसिद्ध मंदिरों एक माना जाता है जो प्रयागराज के पंचकोषी परिक्रमा के अन्तर्गत आता है वहीं श्रावण मास के दूसरे सोमवार को पड़िला मंदिर में सोमवार सुबह भोर से ही भक्तों का जलाभिषेक का क्रम रहा जारी। भक्ति में भक्त रहे मगन। मेले व मंदिर परिसर में किसी किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो जिसको लेकर पुलिस टीमें निरंतर अपनी ड्यूटी में निभाते रहे। जिसमें प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम निरंतर मेले क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मेले में भीड़ न हो जिसको लेकर प्रमुख - प्रमुख जगहों पर बैरियर व बैरिकेटिंग कर वाहनों पर रोक लगाई गई थी जिससे आसानी से भक्त गणों का आवागमन हो और परेशानियां न हों। वहीं शिव मंदिर निकट स्थित हनुमान मंदिर को जाने वाले भक्तों को सीढ़ियों से होकर जाने में फिसलन के कारण चोट लगने का भय बना रहता है।

# न्यूज झरोखा

## मऊआइमा पुलिस ने चार शातिर चोरो को बैटरा इन्वाइटर के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने बैटरा, इन्वाइट, स्टाप्लाइजर ई रिक्शा बैटा के साथ सोमवार को ग्राम महरौंडा के पास चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम लव कुश पटेल पुत्र इन्दपाल दुगार्गंज रानीगंज प्रतापगढ़ जो चार स्थानों पर चोरी किए हुए था।दूसरे ने अपना नाम गोरे लाल पुत्र श्याम लाल बाराडीह मऊआइमा,तीसरे ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र जगदेव ग्राम मानी उमरपुर मऊआइमा,चौथे ने अपना नाम महेंद्र कुमार पुत्र रामभवन ग्राम मौलवी का पूरा पिलखुआं मऊआइमा बताया तथा यह भी बताए कि ग्राम जमखुरी में असद आमिर उर्फ मासूक के यहां 27जुलाई की रात चोरी किए हुए बैटरी आदि भी शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## पूर्व विधायक को सात साल की सजा,एमपी एमएलए कोर्ट ने हिरासत में लेने का दिया हुक्म



**कोरांव।** पूर्व विधायक मेजा कोरांव कांग्रेस लीडर राम कृपाल कोल की जिला सत्र न्यायालय एमपी एमएलए कोर्ट ने विद्यालय के दस्तावेज में कूट रचित मामले की दर्ज एफआईआर में कई साल बाद सुनवाई के दौरान अपने फैसले में सात साल की सजा सुनाई। पूर्व विधायक को न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए हिरासत में लेने के लिए पुलिस को आदेश दिया। उक्त फैसला आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट में उनके वकील याचिका दाखिल करेंगें।

## माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर सपाइयों में खुशी



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के द्वारा वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद पाण्डेय को यूपी विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की सूचना जैसे ही विधानसभा कोराव के पार्टी कार्यकताओं को हुई वैसे ही कार्यकताओं में खुशी व्याप्त हो गई और लड्डू बाटकर एक दुसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर चर्चित किसान नेता राजू चौबे ने कहा की समाजवादी पार्टी में ही हर वर्ग के लोगो का सम्मान है जिस प्रकार से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वर्ग के साथ साथ सामान्य वर्ग के लोगो को अपने साथ लेकर चल रहे है निश्चित रूप से आगामी होने वाले विधानसभा के चुनाव में समाजवादी सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी।इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी राजेश पांडे ने कहा की सपा सुप्रीमो ने जिस प्रकार से ब्राह्मण समाज के गौरव माता प्रसाद पाण्डेय को विधानसभा नेता प्रतिपक्ष बना कर समाज का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है उससे समस्त सवर्ण समाज अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करता है। आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष महताब खान नगर अध्यक्ष ललन पटेल रामानुज यादव दीपक पटेल अश्वनी पटेल प्रमोद मिश्रा पयासी सुभाष पांडे आशीष मिश्रा मोहम्मद लल्लन प्रधान शिव श्याम शुक्ला अनीता शुक्ला पप्पू मिश्रा शहादत अली नौशाद अंसारी मोहम्मद हारुन पप्पू शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रबंधक की माता के निधन पर शिक्षकों सहित छात्रों ने व्यक्त की- संवेदना

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ.भगवत पांडेय की 103वर्षीय माता कालिंदी देवी के निधन पर विद्यालय परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। रविवार दोपहर स्थानीय चांडी गंगा घाट पर उनका दाह संस्कार संपन्न हुआ। सोमवार को विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर आयोजित शोंक? सभा के दौरान सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि उनकी सौम्यता,सहजता,सादगी, मृदुभाषी स्वभाव के चलते हमेशा सभी लोगों में प्रिय बनीं रहीं और दीघार्यु को प्राप्त हुईं।शिक्षक के.के.त्रिपाठी समेत सभी शिक्षकों ने उनके समाजसेवा भाव की प्रसंशा करते हुए संयमित दिनचर्या और कृतित्व,व्यक्तित्व की सराहना की। सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,प्रदीप श्रीवास्तव,जगतपाल,मो.परवेज सिद्दीकी, रमेश चंद्र तिवारी,विजय सिंह,सुधा सिंह,सुरेश कुमार,हरिशंकर तिवारी,मनीष शुक्ला, विश्वेश्वर ओझा,कमला शंकर त्रिपाठी,कंचन पांडेय, उमाशंकर पांडेय, राजकुमार विश्वकर्मा,सुनील प्रजापति,विमला देवी,अशोक सिंह,जितेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोज

**नैनी।** नैनी अरैल में सावन के दूसरे सोमवार को समाजसेवी रानू तिवारी एवम उनके सहयोगियों के द्वारा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण के बाहरी हिस्से के मुख्य द्वार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो सोमवार की सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक चला। इस भंडारे के माध्यम से हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा सावन माह के हर सोमवार को विगत कई वर्षों से चल रहा है।

# अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नैनी। नैनी सावन माह के द्वितीय सोमवार को भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की मंदिरों में दर्शन करने के लिए भीड़ लगी रही। नैनी कोतवाली अंतर्गत अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगी रही। शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए नवनियुक्त नैनी कोतवाली प्रभारी वैभव सिंह अरैल चौकी प्रभारी परमानंद अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे। नवनियुक्त थाना प्रभारी वैभव सिंह से विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के प्रभारी, उप प्रभारी ने एसपीओ टीम के बारे में जानकारी दी तथा ड्यूटी पर तैनात एसपीओ टीम के सभी सदस्यों की पहचान कराई। एसपीओ टीम का अभिवादन स्वीकार करते हुए थाना प्रभारी ने टीम की प्रशंशा की तथा निस्वार्थ भाव से ड्यूटी पर एकत्रित होने पर टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद् कहकर टीम के होंसले बुलन्द किए। सावन माह में भक्तों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, प्रत्येक वर्ष की भांति सावन माह को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर अरैल घाट स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम के नवनियुक्त एरिया इंचार्ज प्रदीप

## सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही तैनात



कुमार के नेतृत्व में सभी सदस्यों की ड्यूटी सुबह से लगाई गई। सभी एसपीओ टीम के जवान मौके पर पहुंच कर अपना कर्तव्य तथा दायित्व निभाते हुए ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार रामजी जायसवाल समीर खान राकेश कुमार संजीव वर्मा वसीम खान सलीम रहमान सोनू भारतीया मयंक कुमार रमेश चंद केसरवानी राजेश कुमार अंकित कुमार आशीष रावत पंकज मलिक राजेश कुमार सुशील शर्मा मो फिरोज शुभम प्रजापति सरोज कुमार रामजी गौड़ मोहम्मद आरिफ सुरेंद्र कुमार गुप्ता आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## शासकीय कार्य में बाधा पहुंचने पर एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के अवर अभियंता पुन्नीलाल ने थरवई थाने में तहरीर देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुचाने एवं अभद्र व्यवहार करने के आरोप में एक को नामजद तथा पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। मामले में थरवई पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सहसों विकास खण्ड में कार्यरत अवर अभियंता ल. नि. पन्नीलाल ने थरवई थाने जाकर पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि दिनांक 26 जुलाई को विकास खण्ड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बैठकर शासकीय कार्य कर रहे थे कि इस दौरान विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाली, थाना फूलपुर निवासी अर्चना मिश्रा पत्नी अशोक मिश्रा ने अपने पांच साथियों के साथ आई और अप शब्द का प्रयोग करते हुए अभद्रता के साथ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया। जिससे सरकारी कार्य लगभग 3 बजे तक बाधित रहा। इसी बीच मुझे एवं अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। मामले में थरवई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित संबंधित अपराधिक भारतीय दण्ड न्याय संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। मामले के संबंध में थानाध्यक्ष थरवई अरविंद गौतम का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की विवेचना किया जाएगा।



## जंघई उद्योग व्यापार मंडल द्वारा प्रदेश के पदाधिकारियों का स्वागत

**जंघई।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नव नियुक्त वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरी एवं संयुक्त महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष गंगापार आशीष केसरवानी का जंघई उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरी ने कहा कि व्यापारियों के सुख-दुख और संघर्ष एवं उनके हक की? लड़ाई के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल हर? समय कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेगा। संगठन में शक्ति है, सभी व्यापारियों ने अपने हक के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।संयुक्त महामंत्री आशीष केसरवानी ने कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई समस्या है तो वह अपनी समस्या संगठन से बताए, उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा संगठन हर छोटे-बड़े व्यापारी के सुख-दुख में साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर जिला गंगापार महामंत्री राजेंद्र केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष भोलानाथ केसरवानी, पंकज कुमार, जंघई उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, महामंत्री महेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महासचिव विवेक जायसवाल, मंत्री विनय जायसवाल संरक्षकों में छेदीलाल जायसवाल, नन्हें लाल, राजेश जायसवाल पूर्व प्रधान, राजेश जायसवाल, शंभूनाथ गुप्ता, राकेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, राजन जायसवाल, राजू, संजय, सुभाष, आशुतोष, सुजीत एवं जिम्मी जायसवाल सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# घीसन का पूरा में सर्विस- पेंशन धारक लें रहे हैं सरकारी राशन

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत घीसन का पूरा में सर्विस करने वाले व अच्छी खासी पेंशन पाने वाले लोगों ने कागजों में हेरा फेरी कर राशन कार्ड बनवा लिया जो वर्षों से गरीबों का दिए जाने वाला खाद्यान्न का अपात्र होते हुए भी राशन ग्रहण कर रहे हैं जिसकी शिकायत गांव के सचिन कुमार ने उप जिला अधिकारी करछना से लिखित शिकायत किया कि मोतीलाल सिंह पुत्र राम सुंदर सिंह यह ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से सेवानिवृत अधिकारी हैं तथा मोतीलाल पटेल पुत्र भाई लाल निवासी घीसन का पूरा जो नौकरी करते हैं जिनकी अच्छी खासी सैलरी है यह भी तथ्यों को छुपा कर राशन कार्ड वर्षों पूर्व बनवा लिया था जो गरीबों का राशन निगल रहे

### शिकायत पर एसडीएम करछना ने दिए जांच का आदेश

हैं वहीं पर संजय पुत्र मोतीलाल नीतू पत्नी संजय आदि ऐसे कई लोग हैं जो भूमिहीन हैं उनके नाम से कोई भी जमीन कहीं पर नहीं है वह प्रधानमंत्री पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे हैं शिकायत के उपरांत उप जिलाधिकारी करछना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल में जांच के आदेश दिए इसी तरीके प्रत्येक गांव में गरीबों के लिए राशन कार्ड का अपात्र लोग फर्जी तरीके से तथ्य छुपा कर गरीबों का राशन निगल रहे हैं जिससे गरीबों को का हक छीना जा रहा है मामले में सरकारी मशीनरी सही मायने में जांच कमेटी गठित कर जांच करें तो अनगिनत अपात्रों की सच्चाई सामने आ सकती है।

## टावर लगाने के नाम पर साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए अस्सी हजार

**मऊआइमा।** एक किसान को टावर लगाने का प्रलोभन देकर साइबर अपराधियों ने खाते से अस्सी हजार रूपया ऐंठ लिए। भुक्तभोगी ने इसकी आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र नेवादा निवासी पवन कुमार के पास एक फोन आया कहा गया कि अगर तुम्हारे पास खेत है तो हर माह पांच हजार रुपए मोबाइल टावर के एवज में मिलेगा।पवन कुमार ने कहा कि वह घर से पूछ लेता है। पवन कुमार ने बताया कि साइबर अपराधियों ने उसके पास फोन की झडी लगा दी।रजामंद होने पर आधार और पासबुक व्हाट्सएप्प पर मांगा गया।देने के बाद थोडी देर में दो बार में बैंक के खाते से अस्सी हजार रूपया गायब हो गया।पवन कुमार भाग कर बैंक पहुंच गया और खाता लाक कराया तो मालूम हुआ कि वह साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस कर अस्सी हजार रूपया उड़वा दिए।पवन कुमार ने इसकी लिखित शिकायत आन लाइन की है।

# सरकारी चकमार्गों से हटाया जाए अतिक्रमण : भाकियू

### एसडीएम बारा को सौंपा दस मांगों से संबंधित ज्ञापन

**बारा।** भारतीय किसान यूनियन (किसान) ने सोमवार को 10 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बारा को सौंपा। तहसील क्षेत्र में सरकारी संपत्तियों पर कब्जा,अवैध प्लाटिंग और खेती-किसानी में आ रही समस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई। भाकियू (किसान) की मंडलीय इकाई के द्वारा सीएम को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई है कि तहसील प्रशासन अविलंब टिकरी तालुका कंजासा में खलिहान, सरकारी रास्ता, खाद के गड्ढे को कब्जे से मुक्त कराया जाए। सोनरा, हर्रो में काश्तकार की भूमि पर दबंगों ने रास्ता बना लिया है। इसी तरह ग्राम बुंदावा में सरकारी चकमार्ग की भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जारही है। भाकियू ने बघोलवा बस्ती डांडो में



चलाए जा रहे डामर (तारकोल) प्लांट को तत्काल हटाने, नगरपंचायत शंकरगढ़ में आराजी संख्या 272 पर की जा रही प्लाटिंग पर रोक लगाने, गोरखा में चकमार्ग संख्या 74 को मुक्त कराने, खेरहट खुर्द में नहर की सफाई कराने और पानी छोड़ने की मांग की है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए ओवरहेड टैंक की सफाई, टीकाकरण, कस्बा शंकरगढ़ की आराजी संख्या 75 की पैमाइश और कब्जा दिलाने की मांग की। इसी तरह आराजी संख्या 75 में हस्तक्षेप करने वाले अपर आयुक्त पुष्पराज सिंह को हटाने की भी मांग की गई है। इस मौके पर राजीव चंदेल, मंजूराज आदिवासी, राहुल सिंह बघेल, कृष्णराज सिंह दीपू समेत दर्जनों किसान नेता मौजूद रहे।

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** सावन मास का दूसरा सोमवार है। भगवान शिव का दर्शन पूजन और जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच गए। यमुना के तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर, शिवकुटी में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर व शिव कचहरी समेत अन्य सभी शिवालयों में श्रद्धालु शिवजी का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। वहीं मंदिरों में रूद्राभिषेक के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। इसके लिए लोग पहले से ही शिवालयों में बुकिंग करा चुके थे। जलाभिषेक के लिए चल रहा कावंड़ियों का जत्था : इस समय सावन के महीने में बड़ी संख्या में कावंड़िए कांवड़ लेकर शिवालयों में पहुंच रहे हैं। संगम का जल लेकर वाराणसी के बाबा विश्वनाथ मंदिर, नागवासुकि मंदिर, पड़िला महादेव समेत अन्य शिवालयों में पहुंच रहे हैं। कोई गंगाजल तो कोई दूध या गन्ने के रस से जलाभिषेक कर रहा है। सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात की गई है। मनकामेश्वर मंदिर में तो पैरामिलट्री के जवानों को भी लगाया गया है। जिले के सभी शिवालयों में भोर से ही लोग दर्शन पूजन अर्चन के के लिए कतारों में लग जा रहे हैं। ज्यादा भीड़ वाले शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इतजाम किया गया ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

## चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**जंघई।** सावन के द्वितीय सोमवार को चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिर के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं मंदिर के संस्थापक बबलू दुबे द्वारा मंदिर प्रांगण को विधिवत रूप से सुसज्जित किया गया है एवं भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया।





सावन के दूसरे सोमवार को श्री सिद्ध पीठ भोले गिरी मंदिर कटघर प्रयागराज में भक्तों ने किया जलाभिषेक और शाम को मंदिर के पुजारी महेश चंद्र त्रिपाठी के द्वारा किया गया भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार दर्शन।

# सोमेश्वर महादेव मंदिर से भोले का भक्त साइकिल से, 4 हजार किलोमीटर की यात्रा प्रारंभ की





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल श्री सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर से सावन के दूसरे सोमवार को नैनी का रहने वाला भोले का भक्त आदिश शुक्ला 7 ज्योतिर्लिंग साइकिल से लगभग चार हजार किलोमीटर की यात्रा करेंगे। सावन के इस पावन महीने में महादेव के अनन्य भक्त कावड़ यात्रा पर जा रहे है वही नैनी प्रयागराज के आदिश शुक्ला 7 ज्योर्तिलिंग उजैन, ओंकारेश्वर, त्रमकेशवर, भीमाशंकर, घृणेश्वर, मलिकार्जुन रामेश्वरम साइकिल से नैनी सोमेश्वर मंदिर से यात्रा प्रारंभ की जो लगभग चार हजार किलोमीटर की यात्रा है। उनके साथियों ने मंदिर पहुंच प्रोत्साहन बढ़ाया समाजसेवी सोनू पाण्डेय सुधांशु अभिषेक मोनू विशाल संजय शुभम अमित एडवोकेट धनजय राहुल वाशु कपिल तिवारी, हिमांशु शर्मा, परमानद चौकी इंचार्ज अरैल समेत कई भक्त मौजूद रहे।

## फोन चोरी कर सेवानिवृत्त रेलकर्मी के खाते से निकले एक लाख रुपए

**प्रयागराज।** धूमनगंज में सेवानिवृत्त रेलकर्मी का फोन चुराने के बाद उनके ङ खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए गए। व दो बार में यह रकम यूपीआई के जरिए ह पार की गई। पुलिस अज्ञात में केस दर्ज कर जांच में जुटी है।80 वर्षीय देवेन्द्र नाथ सक्सेना नवाब युसुफ रोड, सिविल लाइंस में रहते हैं और रेलवे के सेवानिवृत लोको पायलट हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका फोन सुलेमसराय मंडी से चोरी हो गया। इसके बाद 45 मिनट के अंदर उन्होंने बैंक अकाउंट से संबंधित यूपीआई सेवा को होल्ड करा दिया था। इसके बावजूद उनके खाते से यूपीआई के जरिए दो बार में एक लाख रुपये उड़ा दिए गए। इसमें पहली बार 40 हजार व दूसरी बार में 60 हजार रुपये सागर कुमार और अभिषेक नाम के व्यक्तियों को ट्रांसफर किए गए। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब उन्होंने अपनी पासबुक अपडेट कराई। सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि यूपीआई डिटेल निकलवाई जा रही है।

# हजारो कैंडिडेट्स ने आयोग कार्यालय घेरा उपसचिव बोले, 15 दिन में फैसला लेंगे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** डीएलएड के करीब 10 हजार कैंडिडेट्स ने सोमवार को प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग का घेराव किया। हाथों में तख्तियां लिए पहुंचे कैंडिडेट्स ने 97000 शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तख्तियों में लिखा- 97 हजार शिक्षक भर्ती जारी करो... वादा दिया वोट लिया, धोखा दिया... बेरोजगार बनाकर हमें छोड़ दिया। छात्रों के गुस्से को देखते हुए चयन आयोग के उप सचिव शिवजी मालवीय और नवल किशोर कैंडिडेट्स के बीच आए। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिन के अंदर भर्ती कैलेंडर जारी किए जाने का प्रयास होगा।

संत कबीर नगर से आए प्रमोद कुमार मौर्या ने बताया- सरकार ने 69000 शिक्षक भर्ती में रामशरण मौर्य बनाम राज्य सरकार में हलफनामा लगाया था कि ये भर्ती पूरी करने के बाद भी 51,112 पद अभी भी खाली हैं। ये पद आगे भरेंगे। इसके बाद डेटा है कि हर साल 12 से 15 हजार शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। 5-6 साल से प्राथमिक शिक्षक भर्ती नहीं आई। इसी को जोड़कर हम लोग कम से कम 97000 प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे हैं।





**10 लाख डीएलएड कैंडिडेट्स नौकरी के इंतजार में :** कैंडिडेट्स का कहना है कि पिछले 6 सालों में प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन नहीं जारी किया गया। करीब 10 लाख डीएलएड कैंडिडेट्स नौकरी के इंतजार में बैठे हैं। सरकार जल्द से जल्द 97000 शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन निकाले।

**बड़े आंदोलन की दी चेतावनी :** अभ्यर्थी अभिषेक शुक्ला ने कहा- सरकार के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ गई है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में 1.40 लाख शिक्षक पद खाली हैं। इसके बावजूद प्रदेश सरकार की ओर से भर्ती नहीं निकाली जा रही है।प्रदर्शन करने वालों ने कहा- यदि सरकार भर्ती नोटिफिकेशन जारी नहीं करती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विशाल यादव ने कहा- आज हम 10 हजार लोग जुटे हैं। जल्द 10 लाख लोग जुटेंगे।

# रक्षा बंधन पर्व से पहले त्योहारी बाजार में चला अतिक्रमण अभियान

अखंड भारत संदेश

**आजाद स्ट्रीट वेन्डर यूनियन की टीम सूचना मिलते ही पंहुची, दुकानें लगी नही फिर भी अवैधानिक तरीके से वसूला जुमार्ना एक एक हजार**

**प्रयागराज।** सोमवार 29 जुलाई सिविल लाइन्स एम जी मार्ग पर चला नगर निगम का अतिक्रमण अभियान। दुकाने सजी नही नगर निगम दस्ते ने अवैधानिक तरीके से वसूला प्रत्येक दुकानदार से एक हजार जुमार्ना । सूचना मिलते ही टाऊन वेंडिंग कमेटी सदस्य/ प्रदेश महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी व मुकेश सोनकर को मौके स्थल पर पंहुच कर पीएम स्वनिधी लाभाथी दुकानदारो से वार्त की जुमार्ने की रसीद देखी पता चला नगर निगम का फरेब चला अतिक्रमण अभियान रसीद स्वास्थ विभाग द्वारा गंदगी फैलाने की दी। आजाद स्ट्रीट वेन्डर युनियन, महरानी लक्ष्मी बाई पथ विक्रेता संघ (महिला) त्योहारी बाजार सिविल लाइन्स के मा० प्रधान मंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधी लाभार्थी दुकानदार नगर आयुक्त को त्योहार तक अतिक्रमण अभियान रोकने का मांग पत्र सौपेंगे । वार्ता में रंजीत दास सुरेश सोनकर मो आरिफ प्रकाश कृष्ण कुमार शर्मा जय प्रकाश अलका सेंगर इंदिरा देवी विपिन राजकुमार मोनू सोनकर अजय सोनी मौजूद रहे।

## इलाज में मदद के बहाने एमआर ने शिक्षिका से किया दुष्कर्म, आरोपी बंदी

**प्रयागराज।** कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश की शिक्षिका से दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी, जातिसूचक गाली देने के आरोपी एमआर को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने उसे जीरो रोड बस अड्डा के पास से पकड़कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कोतवाली रोहित त्रिपाठी ने बताया कि मध्य प्रदेश की एक शिक्षिका इलाज के लिए शहर में आती थी। तभी उसकी मुलाकात आरोपी एमआर से हुई थी। इलाज में मदद के बहाने एमआर ने शिक्षिका को लेकर होटलों में ले जाता था। साथ ही उससे रकम भी ऐंठता था। परेशान पीड़िता ने अपने गृह जनपद में केस दर्ज कराया। घटनास्थल कोतवाली होने की वजह से केस यहां स्थानांतरित होकर आ गया। विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी एमआर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एमआर तलाकशुदा है। वहीं, खुल्दाबाद पुलिस ने नौवीं की छात्रा को बहला-फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कानपुर का रहने वाला है। रविवार को उसे स्टेशन के पास वाली रोड से पकड़ा गया है।

# कोल को अनुसूचित जनजाति व निषाद को अनुसूचित जाति का दर्जा मिले : उज्जवल

**जमुनापार बुंदेलखंड क्षेत्र घोषित हो, नैनी का औद्योगिक स्वरूप बहाल हो**






**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज लोकसभा में बजट पर चर्चा में बोलते हुए कहा कि कोल जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले क्योंकि बगल के राज्य मध्यप्रदेश में मिला है और बिंद ,निषाद, मल्लाह आदि 17 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा मिले क्योंकि इनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है ।यह जानकारी देते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने बजट को कुर्सी बचाओ बजट कहा कि यह बजट सिर्फ दोस्तों को खुश करना वाला है इसमें शिक्षा पर बजट घटा कर सरकार ने मंशा जाहिर कर दिया कि वो आमलोगों को शिक्षित नहीं करना चाहती उन्होंने कहा कि किसानों को एम एस पी की गारंटी नहीं दे रहे हैं नवजवानों के लिए कुछ भी नहीं है अबतक के इतिहास का सबसे खराब दिशाहीन बजट हैं। सांसद ने सदन में मांग किया कि जमुनापार को बुंदेलखंड क्षेत्र धोषित कर विशेष पैकेज दिया जाय जिससे बिजली और पेयजल के साथ नैनी के औधोगिक स्वरूप को पुनर्वास मिले। सांसद ने प्रयागराज मे खराब स्वास्थ्य सुविधा के सुधार के लिए एम्स की स्थापना की मांग किया और कहा कि प्रयागराज के साथ सौतेला व्यवहार न किया जाय यह शहर पांच पांच प्रधानमंत्री के साथ एक से बढ़ कर एक कवि और शायर देने वाला शहर हैं।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज जंक्शन के टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड से भुगतान सुविधा का शुभारंभ



**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में रेलवे यात्रा के अनुभव को सुखद बनाने के क्रम में प्रयागराज मण्डल द्वारा आसान टिकट वितरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। भारतीय रेलवे में रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर, जेटीबीएस, एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप के माध्यम से यात्रियों को टिकट वितरण किया जाता है। काउंटरों पर यात्रियों को लाइन लगाए बिना टिकट उपलब्ध कराने के माध्यमों में एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप एक सरल और आसान विकल्प के तौर पर लोकप्रिय हो रहा है। एटीवीएम से रेलवे टिकट फैसिलिटेटर द्वारा, स्वतः रेलवे द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड/क्यूआर कोड से भुगतान करके ले सकते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, हिमांशु शुक्ला के निदेर्शानुसार स्टेशन निदेशक, श्री वी. के. द्विवेदी के सुपरविजन में प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के एक आनारक्षित टिकट काउंटर पर दिनांक 27.07.2024 से एवं अरक्षित टिकट काउंटर पर दिनांक 28.07.2024 से क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस को प्रारम्भ कर दिया गया है. इस सुविधा के शुरू होने से यात्री यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान कर रेलवे टिकट खरीद पाएंगे. आसन टिकट वितरण में यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान यात्री सुविधाओं के विकास अहम रोल अदा करेगा. प्रयागराज मंडल के सभी स्टेशनों पर वर्ष 2024 में सभी स्टेशनों पर क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी।

### विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के जन्मदिन पर श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**प्रयागराज।** शहर उत्तरी के विधायक इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। विधायक शहर उत्तरी के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 30 जुलाई को विधायक शहर उत्तरी के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को शाम 5 बजे से सिविल लाइन्स्तिथ हनुमान मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन टीम हर्ष बाजपेई के सहयोगी एवम भाजपा के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ता द्वारा रखी गई है।

### 93 वें देहदान के रूप में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को मिला पार्थिव शरीर

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को 15 दिनों में तीन पार्थिव शरीर प्राप्त हो चुके हैं। रविवार को 93 वें देहदान के रूप में मेडिकल कॉलेज को झूसी निवासी प्रभावती देवी का पार्थिव शरीर प्राप्त हुआ। एनाटॉमी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बादल सिंह ने बताया कि एचओडी डॉ. एके सिंह के निर्देश पर टीम ने प्रभावती के आवास पर जाकर देहदान की औपचारिकताएं पूरी की। प्रभावती देवी के पति हरिभान सिंह ने भी देहदान किया था। डॉ. बादल सिंह के अनुसार देहदान अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।

### डाकघर के पास ऑटो में बम लेकर घूम रहे तीन युवक गरफ्तार

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में डाकघर के पास ऑटो में बम लेकर घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें राहुल भारती, मोहम्मद रईस व शिव तिवारी शामिल हैं। तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# ईलाज के दौरान हुई विवाहिता की मौत

**बीमार पत्नी को ईलाज कराने में पति कर रहा था आना कानी**

**नैनी।** करछना थाना अंतर्गत देवरी कला में एक विवाहिता की ईलाज के दौरान मौत हो गई। विवाहिता की मौत की खबर सुनकर मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मायके पक्ष के लोगों ने दारागंज घाट पर दाहसंस्कार कर विवाहिता के ससुराल वालो को सुचना देकर अस्थियां लेकर अपने घर चले आएं। बता दें करछना थाना क्षेत्र के देवरी कला निवासी समरजीत सिंह ने अपनी लड़की आंचल सिंह की शादी 29 नवंबर 2019 को जगदलपुर जिला बस्तर छत्तीसगढ़ के हिन्छ राज सिंह के इकलौते पुत्र तेज प्रताप सिंह के साथ धूमधाम से विवाह किया था शादी के पांच साल बाद आंचल से दो लड़की प्रज्ञा सिंह 2 वर्ष व दिव्यांशी सिंह 11 माह जन्म हुआ इसी बीच आंचल सिंह का तबियत खराब हों जाने पर अपने पति को ईलाज करवाने के लिए बात कही लेकिन पत्नी अंजलि की बातों को नजर अंदाज करते हुए इलाज करवाने के लिए आना कानी करने लगा अंजलि की तबियत लगातार खराब होने पर अपने पिता से ईलाज करवाने की बात कहीं।पिता समर जीत ने तत्काल अपनी बेटी को लेकर फौरन इलाज के लिए प्रयागराज के प्राइवेट अक्षत हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां जांच के दौरान पता चला कि आंचल की किडनी एवं फेफड़ा पूर्ण रूप से खराब हो चुका है स्वास्थ्य में सुधार ना होने से बीते 17 जुलाई को आंचल की मृत्यु हों गई। सूचना पर मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। हद तो तब हो गई जब मृतका के ससुराल वालों खबर देने के वावजूद शव का अंतिम संस्कार करने नहीं आए। मजबूर पिता ने अपने बेटी का दाह संस्कार प्रयागराज के दारागंज घाट शवदाहग्रीह में करवाया। वहीं मृतका के परिजनों ने अस्थि कलश लेकर घर चले गए लेकिन सप्ताह भर बीत जाने के बाद मृतका का पति अपने रिश्तेदारों और अपने सहयोगियों के साथ प्रयागराज देवरी कला स्थित ससुराल मेंआकर अस्थियां की मांग करने लगा। काफी बहस के बाद लड़की की पिता समरजीत सिंह पंचायतों के सामने शर्त रख कर अस्ति कलश देने को राजी हुए की दोनों नातिन प्रज्ञा सिंह एवं दिव्यांशी सिंह के नाम सारी संपत्ति का वसीयतनामा किया जाए जिससे कि भविष्य में उनके लालन पालन पढ़ाई एवं शादी विवाह में किसी भी प्रकार का कोई अड़चन न आए। मृतका का पति ने अपने पत्नी का रीति रिवाज के साथ दाह संस्कार किया।

## युवक की मौत पर आरोपी दंपती गया जेल

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड शुक्रवार रात शराब के नशे में मारपीट के दौरान सिर में चोट लगने से गुड्डू नामक युवक की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि मारपीट में उसका सिर डिवाइडर से टकरा गया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मारपीट के आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड पर 35 वर्षीय गुड्डू पत्नी चांदनी के साथ रहता था। शुक्रवार रात जंक्शन के सिविल लाइंस साइड पर चांदनी और अंजली के बीच किसी बात पर विवाद हुआ। विवाद के बाद दोनों ने पतियों कोइस घटना की जानकारी दी। इसके बाद शराब के नशे में गुड्डू और सुलेमान भिड़ गए। उनके, बीच जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान सुलेमान ने जोर से धक्का मारा तो गुड्डू डिवाइडर से टकराकर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगने से वह अचेत हो गया। अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पुलिस ने मो. सुलेमान और उसकी पत्नी अंजली को जेल भेज दिया।

# इविवि बना देश का 15वां सबसे श्रेष्ठ विश्वविद्यालय

अखंड भारत संदेश

**इंडिया टुडे और एमडीआरए शोध संस्था की ओर से किए सर्वे में मिला सर्वश्रेष्ठ रैंकिग में स्थान**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय, प्रयागराज के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। इंडिया टुडे और एमडीआरए शोध संस्था की ओर से किए सर्वे में इविवि को देश के 15वां श्रेष्ठ सरकारी विश्वविद्यालय की रैंकिग मिली है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि इस रैंकिंग से हमको पता चला है कि हमारे प्रयास सही दिशा में हैं और मुझे विश्वास है कि विश्वविद्यालय आने वाले समय में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय होगा। ज्ञात हो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने पहली बार इंडिया टुडे और एमडीआरए रैंकिग के लिए आवेदन किया था। पहली बार में ही इविवि ने प्रदेश की तीसरी सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी होने का खिताब मिला है। इविवि को विभिन्न मापदंडों पर आंकने के बाद उसे पूरे देश में 15वां स्थान मिला है, उसे 2000 में से 1450.8 अंक मिले हैं।

**इन पैरामीटरों पर होता है चयन :** इंडिया टुडे के रैंकिंग के लिए नियुक्त इविवि के नोडल अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इडिया टुडे एवं एमडीआरए ने विश्वविद्यालयों को कुछ मापदंडों पर परखा। इसमें प्रतिष्ठा एवं शासन व्यवस्था (रेपुटेशन एवं गर्वनेंस), शैक्षणिक एवं अनुसंधान उत्कृष्ठता (एकेदमिक एवं रिसर्च एक्सिलेंस), इन्फ्रास्ट्रक्चर और रहने का अनुभव (इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड लिविंग एक्सिपिरियंस), व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास (पर्सनेलिटी एवं लीडरशिप डेवलपमेंट) और करियर में प्रगति और प्लेसमेंट (कैरियर प्रोग्रेशन एंड प्लेसमेंट) प्रमुख हैं। सभी मापदंडों पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

## शिव भक्तों ने कांवड़ियों के लिए किया भंडारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिव भक्तों ने कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया। दूर-दराज से आए शिव भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय क्षेत्र के घुइसरनाथ रोड स्थित बरीबोझ के पास लखनसेनपुर निवासी राकेश सिंह ने सावन के पवित्र माह में विशाल भंडारे का आयोजन किया। बाबा धाम में जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से आ रहे कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए उनके ठहरने के साथ ही भोजन व पानी की उचित व्यवस्था की गई। भंडारे के मुख्य आयोजक राकेश सिंह ने आए सभी कांवड़ियों का स्वागत किया। आने-जाने वाले सभी कांवड़ियों के साथ अन्य शिव भक्तों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उदय सिंह, अभय सिंह, शिवलाल मौर्य, मनोज आदि लोगो ने भंडारे में मुख्य रूप से सहभागिता की।

# सावन के दूसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं ने टेका बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था

### शिवभक्तों के उमड़े सैलाब से दिन भर गूंजती रही देवनगरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन माह के दूसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में शिवभक्तों को भोर होते ही बाबा के चरणों में मत्था टेकने में आस्था की उमंग में देखा गया। देर शाम तक कांवडिया तथा शिवभक्त बाबा घुइसरनाथ जी के ज्योतिर्लिंग पर जल तथा दुग्धाभिषेक करते दिखे। वहीं मंदिर परिसर में जगह जगह रूद्राभिषेक में भी भक्त भगवान भोलेनाथ की अर्चना में दिखे।

मंदिर में सुबह पट खुला तो हजारों की संख्या में पंक्तिबद्ध खड़े श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष में आनंदित हो उठे। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में हुई बाबा के भव्य श्रृंगार के मध्य आरती दर्शन को भी श्रद्धालु बेताब दिखे।



बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन के दूसरे सोमवार को उमड़े श्रद्धालु।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक दूसरे सोमवार को सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन किया। प्रशासनिक व्यवस्था की देखरेख के लिए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा सीओ रामसूरत सोनकर, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी के साथ पुलिस व पीएसी के जवानों की मुस्तैदी में डटे दिखे। रविवार की देर शाम जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने भी कांवड़िया श्रद्धालुओं से जुड़े सुरक्षा प्रबन्धों का औचक जायजा लिया। मंदिर परिसर में तिरूपति बाला महराज, मां दुर्गा, श्रीरामजानकी, गणपति, हनुमानजी महराज, विष्णु लक्ष्मी, भगवान कार्तिकेय, द्वारिकाधीश के भी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने अक्षत, पुष्प, दूध, दही तथा पंचमेवा का भोग लगाया। मुख्य मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को सई तट पर जलधारा में विराजे भगवान शिव की भव्य प्रतिमा को भी निहारते देखा गया। धाम में रविवार की शाम से ही कांवडिया श्रद्धालुओं का जत्था डीजे की धुन पर थिरकते देखा गया। सुबह कांवडिया श्रद्धालुओं ने गंगा सागर में स्नान कर बाबा को जल चढ़ाया। दूसरे सोमवार को बाबा धाम में प्रशासनिक अनुमान से अधिक शिवभक्तों की भीड़ भी दिखी।

## भयहरण नाथ धाम में भक्तो की हुई भारी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मास के द्वितीय सोमवार को श्रधालु भक्तो की सामान्य से अधिक भीड़ हुई। पुलिस व कार्यकर्ताओ की उतम व्यवस्था थी। भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर, थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव के मार्गदर्शन में मेला व मन्दिर की सुव्यवस्था जारी है। पुजारी भोला नाथ तिवारी ने सुबह 5 बजे भोले नाथ का अभिषेक करके मन्दिर के कपाट जनता जनार्दन हेतु खोल दिये। वहीं पुलिस चैकी प्रभारी गणेश पटेल के संयोजन मे स्थानीय अस्थाई थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा सभी पॉइंट पर अपनी सेवाएं दी गई। कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र के संयोजन में कार्य कर्ताओ ने अपनी भूमिका निभाई। सचिव संगठन राजकिशोर मिश्र व सह कोषाध्यक्ष कमलेश वैश्य ने प्रबन्ध समिति की ओर से पर्यवेक्षण करके सभी व्यवस्था में सहयोग किया। सभी व्यवस्था में मन्दिर व मेला व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई। देर शाम को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन संरक्षक लालता प्रसाद मिश्र के संरक्षण म्वान हुआ जिसमे प्रमुख पदाधिकारियों के साथ महासचिव समाज शेखर ने भी प्रतिभाग किया।

## रंजिशन ट्रैक्टर चालक को पीटा, वाहन में की तोड़फोड़

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिशन ट्रैक्टर चालक को विपक्षियों ने लाठी-डंडे से पीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उसके ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की गई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के रेड़ीगारापुर गांव के रहने वाले अजय कुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह सोमवार की सुबह 6 बजे खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। इस दौरान एक दिन पूर्व हुए विवाद से खुन्नस खाए पड़ोसियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसकी लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान आरोप है कि ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की गई। पीड़ित मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला के साथ अमानवीय हरकत करने वाले 17 लोग गिरफ्तार

### पुलिस की कार्यवाई से मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई महिलाएं।

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर कुढ़ा में रविवार को हुयी शर्मशार करने वाली घटना मे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बड़ी कार्यवाई को अंजाम देते हुए 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्त मे लिए गये लोगों मे 9 महिला और 8 पुरुष आरोपी है। सोमवार को न्यायिक अधिकारी कुण्डा के सामने प्रस्तुत करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने कुल 20 ज्ञात और 25 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिसमे 17 लोगों की गिरफ्तारी कर ली गयी है।

बताते चलें की हथिगवा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर कुढ़ा मे एक महिला के प्रेम प्रसंग के मामले ने ऐसा तूल पकड़ा की देखते ही देखते लोगों ने कठोर निर्णय लेते हुए महिला के मुंह पर कालिख पोत दिया, उसका बाल काट दिया और उसको मोहल्ले मे घुमाया गया। यही नही महिला का हर तरीके से अपमान किया गया जो उनको आता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 24 अज्ञात और 20 ज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को मुक्त कराया और मामले मे 17 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## गहरे पानी में डूबने से कांवरिया की मौत

### युवक की मौत से घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रयागराज से गंगाजल लेकर बाबा बेलखरनाथ के जलाभिषेक को पहुंचा कांवरिया स्नान के दौरान नदी के गहरे पानी में डूबने लगा। आसपास मौजूद लोग जब तक उसे नदी से बाहर निकलते उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के सहयोग से गंभीर हालत में कांवरिया को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बता दें कि प्रतापगढ़ नगर कोतवाली के जोगापुर मोहल्ले के रहने वाले श्रीपाल का बेटा संतोष पाल उम्र (18) वर्ष प्रयागराज से गंगाजल लेकर बाबा बेलखरनाथ धाम पर जलाभिषेक को पहुंचा था। सुबह स्नान करने के दौरान वह सई नदी के गहरे पानी में डूबने लगा आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे नदी से बाहर निकल गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने सिंचाई विभाग में किया प्रदर्शन, अधिशाषी अभियंता को सौंपा गया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन अधिशाषी अभियंता अरविन्द कुमार वर्मा को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं पड़ता। किसानो को धान की रोपाई करने के लिए नहरों में पानी नहीं मिल रहा है। बारिश न होने की वजह से किसान परेशान हैं। नगर अध्यक्ष इरफान अली व यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान ने संयुक्त रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र मांगों को पूरा न किया गया तो हम कांग्रेसजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने के पश्चात अधिशाषी अभियंता अरविन्द कुमार वर्मा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक पत्र अधीक्षण अभियंता, षोडशम मंडल, सिंचाई कार्य प्रतापगढ़ को लिखकर 1150 क्यू शेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला प्रभारी अमित द्विवेदी आजाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, पी. सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला,प्रशांत सिंह, मुज्जमिल हुसैन, सलमान खान पतुलकी, मो.दिलशाद, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सुनील शुक्ला, अशोक सिंह, सुरेश मिश्रा, उमेश मिश्रा,फतेह बहादुर सिंह, राधेश्याम दूबे, सदर ब्लॉक प्रभारी मो वसीम,अश्वनी उपाध्याय,रियाज सुलतान, साहिल, अतुल तिवारी, सुरेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, अभय तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, शुभम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## शहर की खराब स्ट्रीट लाइट व हैण्डपम्प की सूचना कार्यालय को दें: ईओ



पालिका सभागार में आयोजित बैठक में बोलते ईओ राकेश कुमार।

**अखंड भारत संदेश**

### सफाई कर्मी तीन दिन के अंदर करें कूड़ा व सिल्ट का निस्तारण

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत समुचित साफ सफाई एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं को दुरुस्त किये जाने हेतु पालिका सभागार में बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया गया। इसके बाद ईओ ने कहा कि तीन दिवस के अंदर वार्डों की समुचित साफ सफाई नाला नाली की सफाई करते हुए कूड़ा एवं सिल्ट का निस्तारण करा लें। उन्होंने कहा कि वार्ड मे खराब स्ट्रीट लाइट, हैंड पम्प की सूचना प्रतिदिन कार्यालय को उपलब्ध कराने एवं वार्डों में व नाला नालियों पर अतिक्रमण किए गए नागरिकों की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संतोष कुमार सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सभापति यादव अवर अभियंता जल, शशांक श्रीवास्तव एवं समस्त सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## नदी में उतराया मिला दो भाईयों का शव, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घेरलू कलह से आजिज आकर रविवार की देर शाम एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दिया था। ग्रामीणों की तत्परता से महिला को बचा लिया गया था। लेकिन उसके दोनों बेटे नदी की जलधारा में बह गये थे। अगले दिन सोमवार को दोपहर दोनों बच्चों का शव नदी में उतराया मिला। दोनों बच्चों के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

कोठा नेवढ़िया गांव की चालीस वर्षीया श्यामा देवी पत्नी रामनाथ वर्मा का परिवार में ससुर से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि रविवार को वह अपने बड़े बेटे बारह वर्षीय अनिकेत व छोटे बेटे सात वर्षीय अंकित को लेकर घर से शाम करीब साढ़े सात बजे पूरे तुला उपाध्यायपुर सई घाट पर पहुंची। इसके बाद अचानक वह दोनों बच्चों को लेकर नदी में कूद गयी। कुछ दूर पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने महिला को नदी मे छलांग लगाते देखा तो भागकर वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने नदी के पानी में डूब रही महिला को बचा लिया लेकिन उसके दोनों बेटे बह गये। जानकारी होने पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की और बनियानार घाट के पास जाल लगवा दिया। अगले दिन सोमवार को ग्रामीण नदी में समाये दोनों भाईयों की खोजबीन में जुटे रहे। उधर नाव व स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस भी तलाश करती रही। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बनियानार घाट के समीप पहले छोटे भाई अंकित और कुछ देर बाद अनिकेत का शव ग्रामीणों ने बरामद किया। जानकारी होने पर खोजबीन में जुटी पुलिस भी वहां पहुंच गयी। सूचना मिलने पर दोनों बच्चों के परिवार के लोग भी वहां पहुंचे और शव देख रोने बिलखने लगे। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एससीएसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज होने का आरोप, सीओ से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संगठन के पदाधिकारी पर दर्ज हुए एससीएसटी के मुकदमें को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार के सदस्यों ने सीओ से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार के राष्ट्रीय विधिक सलाहकार आलोक मिश्र ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि सांगीपुर थाने में रामधनी सरोज द्वारा पन्द्रह जुलाई को एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि इस मुकदमें में संगठन के संयोजक रमाकांत मिश्र मधुबनी का नाम फर्जी तरीके से शामिल करा दिया गया है। संगठन ने निष्पक्ष जांच कराकर संयोजक का नाम एफआईआर से निकालने की मांग की है। सीओ रामसूरत सोनकर ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बेल्हा की बनी राखियों से सजेंगी सैनिक भाइयों की कलाइयां

### एलायंस क्लब की ओर से भेजा गया 2100 राखियों का पैकेट

**अखंड भारत संदेश**



प्रवर डाकपाल को राखियों का पैकेट देते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा पावन पर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विगत 25 वर्षों से सैनिक भाइयों को प्रेषित की जाने वाली पवित्र राखियों के क्रम में इस वर्ष भी 2100 बेल्हा की बहनों के हाथों से निर्मित राखियों का पैकेट महामहिम राष्ट्रपति के पते पर भेजा गया।

गौरतलब है कि तीनों सेनाओ की अध्यक्षा राष्ट्रपति द्वारा सीमा पर विपरीत परिस्थितियों में तैनात सैनिक भाइयों को भेजी जाएगी। आज राखियों से भरा पैकेट प्रधान डाकघर के प्रवर डाकपाल जितेंद्र पांण्डे को सौंपा गया। रोली, चंदन व अन्य शुभ सामग्री सहित राखियों का पैकेट डाक अधीक्षक को सौंपते हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन रक्षा सूत्रों में बेल्हा की बहनों का भ्रातृ प्रेम छिपा है।

सभी बहनों ने बड़े उत्साह से एक-एक राखी बनाया है और इकट्ठा करके मुझे दिया है। अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सैनिक भाई अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं। देश की सुख शांति उन्हीं से है। इस अवसर पर महिला क्लब की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, शकुंतला खंडेलवाल, इन्द्रा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, पंकज शर्मा, राजीव कुमार आर्य, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित कर दिलाई गई शपथ

### हादीहाल में गाली मुक्त समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों का हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** गाली मुक्त समाज ट्रस्ट द्वारा तुलसी सदन हादीहाल प्रतापगढ़ में जिला प्रभारी सुभाष चंद्र मिश्र के नेतृत्व में आयोजित पद एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एड सुप्रीम कोर्ट आलोक पाण्डेय के बहुमूल्य सहयोग से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसमें अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शिशिर खरे जिला अध्यक्ष लायंस क्लब लक्ष्मी मिश्रा प्रशासक लायंस क्लब शक्ति प्रतापगढ़ की सहभागिता रही। विशिष्ट अतिथि में राकेश मिश्रा, सुरेश द्विवेदी एआरपी शिवगढ़, समाजसेवी सुरेशमणि तिवारी, प्रधानाचार्य विभा सिंह, शिक्षिका सुप्रिया सिंह, लायंस क्लब शक्ति कोषाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने मंच की शोभा बढ़ाई। संचालन गुरु भगत सिंह कोर कमेटी सदस्य एवम मार्गदर्शन जिला महामंत्री राजेश मिश्र ने किया। ट्रस्ट परिवार की तरफ से अजय कुमार यादव जिला संयोजक प्रतापगढ़, अमेठी सुलतानपुर, अनिल पांडेय जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, देवेन्द्र ओझा जिला उपाध्यक्ष प्रतापगढ़, एडवोकेट सन्तोष पांडेय जिला महामंत्री प्रतापगढ़, राजेश गुप्ता भोजवाल जिला अध्यक्ष अमेठी, बृजेश कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष सुलतानपुर, सिद्धार्थ सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बाबा बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़, शिवराम गुप्ता ब्लॉक उपाध्यक्ष बाबा बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़, रवि गुप्ता ब्लॉक महामंत्री बाबा बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़, रोहित पांडेय ब्लॉक प्रभारी बाबा बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़, चंदन कुमार सोशल मीडिया प्रभारी बाबा बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़, अमित कुमार ब्लॉक अध्यक्ष संडवा चंदिका प्रतापगढ़, विकास गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष दूबेपुर सुलतानपुर, रोतन कनौजिया ब्लॉक महामंत्री दूबेपुर सुलतानपुर, सदस्य प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

## निर्माण/फिनीशिंग के कार्यों में और तेजी लाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों/फिनीशिंग के कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गेट निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यां की निरीक्षण के दौरान विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल के निरीक्षण के दौरान खिड़की तथा सेनेटरी आदि फिनीशिंग के कार्यों को और टीम लगाकर तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्हांने लेक्चर थियेटर में शेष रह गये फिनीशिंग के कार्यों तथा ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लिफ्ट लगाये जाने व उसे चालू कराये जाने के दिए निर्देश। निरीक्षण के दौरान एनीमल होल्ड एरिया,क्लासेस रूम, एनाटॉमी हाल, शवलेपन कक्ष, डायनिंग हाल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कालेज की बाउड्रीवाल जल्द बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित अधिकारियां को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्ययोजना बनाकर निर्माण कार्यों में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खण्ड-वन,एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरि ओम सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 30 वर्ष पहले खरीदी जमीन पर पड़ोसी अब उत्पन्न कर रहे हैं विवाद

**कौशांबी।** थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव निवासी संत कुमार सिंह पुत्र रामहित सिंह ने 30 वर्षों पूर्व 24 फरवरी 1994 को गांव के ही देशराज पुत्र राम लखन से मकान और सहन की भूमि खरीदा था जिस पर संत कुमार सिंह बीते 30 वर्षों से लगातार दाखिल काबिज है खरीदी गयी जमीन मकान वा सेहन की भूमि का वह उपयोग कर रहा है लेकिन बीते कुछ दिनों से पड़ोस में रहने वाले झालर की पत्नी मीना देवी ने खरीदी गई जमीन पर विवाद शुरू कर दिया है अपने मैली मददगारों की मदद से सेहत की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दिया है संत कुमार सिंह के आने जाने के रास्ते में कटीली लड़कियां रखकर कब्जा करने पर महिला तैयार है संत कुमार सिंह ने जब रास्ते में कटीली लकड़ियां रखने का विरोध किया तो गाली गलौज और मारपीट पर महिला आमादा हो जाती है महिला के आचरण को देख कर गांव के लोग भी भयभीत हो जाते हैं रास्ते को बाधित किए जाने से संत कुमार सिंह को आने जाने में दिक्कत हो रही है जिसके चलते उन्होंने दूसरे रास्ते से आना जाना शुरू कर दिया है पीड़ित संत कुमार सिंह ने मामले की शिकायत थाना पुलिस को भी दिया कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस पर उसने 6 जुलाई को तहसील समाधान दिवस में भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका है महिला का हवाला देकर जांच करने आए सिपाही चले गए हैं जिससे अपनी खरीदी हुई भूमि पर संत कुमार सिंह काबिज नहीं हो पा रहा है।

# एक मौत और दर्जनों बीमार की सूचना पर जागा स्वास्थ्य महकमा और नगर प्रशासन

## नगर पंचायत सफाईकर्मियों को लगाकर पूरे वार्ड में नालियों की सफाई, चुना ब्लीचिंग के छिड़काव में जुट गए



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 शांति नगर में बीते 2 दिन में उल्टी दस्त से 1 मौत और दर्जनों की संख्या में लोग बीमार हैं उल्टी दस्त से पीड़ित दर्जनों लोग अझुवा सहित क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में उपचार करवा रहे हैं उल्टी दस्त से वन्या 4 वर्ष पुत्री धीरेंद्र की मौत हो गई वहीं रवीना पत्नी नन्नू ,रामू पुत्र स्वर्गीय कल्लू, कल्लो पत्नी राजू ,सौम्या पुत्र संजय ,प्रज्ञा पुत्री राजेंद्र ,रितु पत्नी कुलदीप ,वैशाली पुत्री बृजेश सहित दर्जनों लोग उलटी दस्त से पीड़ित है जिनके परिजन उपचार करवा रहे हैं । उल्टी दस्त की सूचना से इस्माइल पुर सीएचसी अधीक्षक स्वास्थ्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाकर 40 लोगों को क्लोरीन के साथ साधारण दवा दी है उन्होंने वार्ड वासियों को पानी उबालकर पीने ,बासी भोजन नहीं करने और साफ सफाई के प्रति जागरूक किया मौके पर रहे सभासद प्रतिनिधि पप्पू गौतम से कहा गया कि मोहल्ले में 7 हैंडपंप है सभी में ब्लीचिंग डलवाया जाए वार्ड वासी चंद्रपाल ने बताया कि शौचालय का पानी लीकेज है शौचालय का पानी चारों तरफ पानी बहता रहता है सनी कुमार ने बताया पूरे मोहल्ले का कूड़ा समेटकर मोहल्ले में रोड के बगल में स्वीपर लगाकर चला जाता है शांति नगर निवासी उमाशंकर ने बताया दो-तीन दिन बाद सफाई कर्मी वार्ड में झाड़ू लगाता है प्रदीप कुमार ने बताया कि वार्ड की नालियों की सफाई पिछले 4 माह से नहीं हुई जिस कारण से नालियों में भरा पानी सड़ता रहता है और बदबू करता रहता है रामचंद्र निवासी शांति नगर ने बताया कि वार्ड में मिनी सप्लाई टंकी बनाई गई है टंकी में कीड़े बहुत हैं उस वार्ड की पानी की सप्लाई डायरेक्ट की जाती है जिससे कीड़ा युक्त पानी लोग पीने को मजबूर है। वहीं नगर पंचायत प्रशासन जेसीबी की मदद से कूड़े के ढेर को उठवाकर बगल स्थित तालाब में गिरा दिया। कई सफाईकर्मियों को लगाकर पूरे वार्ड में नालियों की सफाई,चुना ब्लीचिंग के छिड़काव में जुट गए हैं।

# नगर पालिका के लिपिक के हिटलर शाही से नगर वासियों में रोष

अखंड भारत संदेश

> सभासदों से मिलकर अपने अफसर के खिलाफ साजिश रच रहा है नगर पालिका का लिपिक
>
> नगर पालिका में अपने को हिटलर शाह समझने वाले बबलू गौतम ने अकूत संपत्ति अर्जित की है

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के एक लिपिक के हिटलरशाही से नगर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है नगर पालिका के इस लिपिक का दबदबा इस कदर है कि वह अपने को किसी विधायक से कम नहीं समझता है बीते कुछ वर्षों के दौरान उक्त लिपिक ने अकूत संपत्ति अर्जित की है ठेकेदार से कमीशन खोरी में इस लिपिक की अहम भूमिका है भरवारी कस्बे के नया बाजार के शिव मंदिर परिसर में गंदगी व्याप्त है योगी सरकार ने सावन के महीने में शिव मंदिर के आसपास साफ सफाई व्यवस्था किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है मंदिर के आसपास गंदगी को लेकर के समाचार पत्र ने भी नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए शिव मंदिर के आसपास साफ सफाई की मांग की जिस पर अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने शिव मंदिर के आसपास सफाई का भरोसा भी नगर वासियों को दिया था लेकिन नगर पंचायत के लिपिक बबलू गौतम से जब भरवारी नगर के लोगों ने मंदिर के आसपास व्याप्त गंदगी को साफ सफाई करने की बात कही तो बबलू गौतम ने साफ शब्दों में कहा है कि मंदिर के आसपास साफ सफाई नहीं होगी बबलू गौतम का कहना है कि मंदिर के आसपास साफ सफाई हम नहीं करवा सकते हैं हिटलरशाह बबलू गौतम लिपिक अपने को किसी सांसद विधायक से कम नहीं समझता है किसी जमाने में यह मिनी सांसद विधायक के नाम से कस्बे में जाना जाता था योगी सरकार के कार्यकाल में बबलू गौतम का नगर पालिका परिषद भरवारी में इस तरह से दबदबा है कि बीते दिनों अधिशासी अधिकारी के खिलाफ सभासदों को लामबन्द कर जिला अधिकारी के यहां भेजने में लिपिक बबलू गौतम की पर्दे के आड़ से अहम भूमिका थी अब सवाल उठता है कि अपने ही अफसर के खिलाफ नगर पालिका का लिपिक सभासदों से मिलकर साजिश रच रहा है जिससे नगर पालिका का विकास और साफ सफाई व्यवस्था बाधित है चचाओं पर जाएं तो बीते 7 वर्षों के बीच नगर पालिका में अपने को हिटलर शाह समझने वाले बबलू गौतम ने अकूत संपत्ति अर्जित की है यदि बबलू गौतम की अकूत संपत्ति की अपर जिला अधिकारी ने जांच कराई तो इस पर मुकदमा दर्ज हो सकता है नगर के लोगों ने लिपिक बबलू गौतम के हिटलर शाही की ओर अपर जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए इस पर कार्यवाही किए जाने की मांग के साथ-साथ अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की है।

# आबकारी अधिनियम के 02 अभियुक्तों को अर्थदंड की सजा

**कौशाम्बी।** कोखराज पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए आबकारी अधिनियम के 02 अभियुक्तों को अर्थदंड की सजा दिलायी गयी अर्थदण्ड अदा ना करमे पर अभियुक्त को 10 दिन वा दूसरे को 15 दिन की कारावास की सजा सुनाई गई है हीरालाल पुत्र शिवनाथ यादव निवासी असवा थाना कोखराज को जेल में बिताई गयी अवधि वा ढाई हजार रुपए के अर्थदण्ड से न्यायालय ने दंडित किया है अर्थदण्ड अदा ना करने पर अभियुक्त को 10 दिन के कारावास की सजा सुनाई गई है वा भोला सरोज पुत्र जोखू लाल निवासी काकराबाद थाना कोखराज को न्यायालय ने एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है अर्थदण्ड अदा ना करने पर अभियुक्त को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई गई है।

# कृषकों को गोष्ठी मेला प्रशिक्षण/भ्रमण के समय वैज्ञानिक ढंग से उत्तम खेती की जानकारी उपलब्ध करायी जाय : डीएम

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** एकीकृत बागवानी विकास मिषन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना समिति की उद्यन सभागार, कलेक्ट्रेट, कौषाम्बी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम बैठक का आयोजना 29 जुलाई को किया गया। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी अवधेष मिश्र द्वारा आये हुए समिति के सदस्यों का अभिवादन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त सन्दर्भित योजनान्तर्गत जनपद हेतु स्वीकृत/ अनुमोदित कार्यक्रमों को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया कि कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के पष्चात विकास खण्डवार इम्पैक्ट तैयार किया जाय कि पूर्व में एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराये गये कार्यक्रमों से किसानों को क्या और कितना लाभ हुआ। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अह्वान किया गया कि जनपद के कृषकों को गोष्ठी, मेला, प्रषिक्षण/भ्रमण आदि के समय वैज्ञानिक ढंग से एवं उत्तम खेती की जानकारी उपलब्ध करायी जाय तथा उसका फीडबैक भी प्राप्त किया जाय। बैठक में मुख्य रूप से डा0 रवि किषोर त्रिवेदी, मुख्य विकास अधिकारी नरेष चन्द्र उत्तम, प्रतिनिधि उप निदेषक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, डा. अजय कुमार, प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सत्येन्द्र कुमार तिवारी, उप कृषि निदेषक, जिला कृषि अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, योजना प्रभारी सैयद जव्वार असगर, वरिष्ठ सहायक एवं रिजवान अहमद उधो सिंह बनवारी लाल, प्रगतिषील कृषकगण आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशाम्बी, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई 2024 को आरएसएस निजी आईटीआई कनैली, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें निजी क्षे.त्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/ नॉनआईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूमे के साथप्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

### अर्थदंड से दंडित किया गया तमंचा का अभियुक्त

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में तमंचा के साथ पकड़े गए अभियुक्त मूलभवन पुत्र छोटेलाल निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को थाना पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाई है सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि वा 1500 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है अर्थदंड ना अदा करने पर 10 दिन की कारावास की सजा सुनाई गई है।

# बकाया वसूली कराने के बहाने चौकी इंचार्ज ने पीड़ित से ले लिया दो हजार रुपए

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बारियावा पुलिस चौकी इंचार्ज पर बकाया रकम वसूली कराने के बहाने 2000 रुपए पीड़ित से ले लेने का आरोप लगा है पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर चौकी इंचार्ज बारियावा पर झांसा देकर 2000 रुपए वसूली करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक मुन्नालाल सरोज पुत्र जगरूप निवासी रामपुर थाना चरवा ने 7 वर्षों पहले सुखरानी पत्नी सुखलाल निवासी रामपुर थाना चरवा से एक मकान खरीदा था जिसका उप निबंधक कार्यालय चायल में लिखा पढ़ी भी हुई है 7 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन मुन्ना सरोज को ना तो मकान में कब्जा मिला और उसके द्वारा दी गई 65 हजार रुपए की रकम उसे वापस नही मिली मामले को लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज बारियावा को पीड़ित ने पूरा प्रकरण बताया जिस पर पुलिस ने कहा कि 2000 रुपए दे दो हम तुम्हारा 65 हजार रुपए वापस दिला देते हैं पीड़ित ने चौकी इंचार्ज को 2000 रुपए दे दिया लेकिन उसके बाद जमीन बेचने वाली महिला सुखरानी से पीड़ित का 65 हजार चौकी इंचार्ज ने वापस नहीं दिलाया और पीड़ित द्वारा खरीदे गए मकान पर उसे कब्जा भी नहीं दिया गया है एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित ने कहा कि या तो मकान पर कब्जा दिला दिया जाए या फिर सुखरानी को दिए गए 65 हजार रुपए और उसकी 7 वर्षों की ब्याज सहित रकम ब्याज वापस करा दिया जाए। धोखाधड़ी फ्राड करने वाली सुखरानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी कराई जाए और झांसा देकर 2000 रुपए ठगने वाले चौकी इंचार्ज बारियावा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके इन्हें निलंबित किया जाए।

# आवागमन में हो रही दिक्कत के निदान हेतु बनाई जाएं नवीन सड़कें : अजय सोनी

> नवीन सड़को के नवनिर्माण कराए जाने की मांग को लेकर सकिपा ने प्रदर्शन कर सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के कई गांवो के ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कत के निदान के लिए सोमवार 29 जुलाई को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओ ने जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी को एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सिराथू ब्लॉक के कई गांवो को जोड़ने हेतु नवीन सड़कें बनाएं जाने की मांग की गई। सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी को नवीन सड़को के नव निर्माण कराए जाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए में सिराथू ब्लॉक के कई गांवों के कच्चे मार्गों को संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम खनवारी से कमासिन माता मंदिर परिसर ग्राम गंभीरा पूर्व, करारी माइनर नहर से गंभीरा पूर्व अशोक तिवारी पूर्व प्रधान के घर होकर ग्राम नादिन का पुरवा, ग्राम मलाक पिंजरी से ग्राम तेरहरा, ग्राम बारा तफरीक से करारी माइनर नहर तक, ग्राम चकिया मजरा मलाक पिंजरी से करारी माइनर नहर तक, ग्राम फैजलीपुर से उदहिन नारा मार्ग तक, ग्राम फाजिलपुर गोपालपुर (हिसामबाद) से रमेश गुरु जी के स्कूल होकर करारी माइनर नहर तक के कच्चे मार्गों को संपर्क मार्ग में तब्दील करने की मांग की गई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने ज्ञापन को लोक निर्माण विभाग को भेजने एवं सर्वे कराकर इन कच्चे मार्गों पर सम्पर्क मार्ग बनाए जाने की बात कही है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि सिराथू ब्लॉक के कई गांवों में आज तक संपर्क मार्ग न होने के कारण लोगों को कच्चे मार्गों से होकर गुजरना पड़ता है या फिर काफी घूमकर आना जाना पड़ता है। ऐसे में यदि सर्वे कराकर और ऐसे गांवो को चिन्हित कर नवीन संपर्क मार्ग बनाते हुए इन्हे मुख्य मार्गों से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और लोगों की समस्यायों का निदान होगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, नवनीत शुक्ला, बद्री प्रसाद प्रजापति, भगवान दास वर्मा, शिवम सोनी, वेद प्रकाश यादव, अनुज कुमार मौर्य, सुखराम लोधी, रमजान अली आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### खराब बिस्किट को भी उठा लेंगे छोटे-छोटे मासूम बच्चे



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा चौराहे पर स्थित किराने की दुकान से खराब हो चुके बिस्किट अन्य खाने पीने के सामान के पैकेट को बीच सड़क पर फेंक दिया गया है सड़क पर बिस्किट वा अन्य खाने पीने की सामग्री की जानकारी मिलने के बाद मौके पर आसपास के गरीब परिवार के बच्चे पहुंचे और सड़क पर पड़े खराब सामग्री को भी छोटे-छोटे बच्चे उठा ले गए हैं बताया जाता है कि शीतल प्रसाद केसरवानी ओसा की दुकान में एक्सपायरी हो चुके खाने पीने के सामानों को सोमवार को सड़क पर फेंक दिया गया जिसे आसपास के बच्चे उठा ले गए हैं खराब सामानों को फेके जाने पर सड़क में गंदगी लग गई और पशु भी खाने पीने की वस्तु को खाने मौके पर पहुंच गए हैं सवाल उठता है कि योगी सरकार साफ सफाई की व्यवस्था की बात कर रही है और किराने की दुकान की खराब सामग्री सड़क पर फेंकी जा रही है।

### थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की की उद्घोषणा की गई



**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली में गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार अभियुक्तों हासिम उर्फ मोटका पुत्र नसीम वा अख्तर उर्फ अकबर अली निवासी मखदुमपुर बहादुरपुर कोतवाली मंझनपुर के बिरुद्ध अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था लेकिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी जिसके बाद न्यायालय ने अभियुक्तों के बिरुद्ध धारा 82 के तहत कुर्की उद्घोषणा का निर्देश मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दिया है। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस 29 जुलाई को अभियुक्तों के घर पहुंची है अभियुक्तों के घर दरवाजे पर 82 की नोटिस चस्पा किया है अभियुक्तों को अदालत में हाजिर होने के लिए पुलिस ने मुनादी कराई है।

### नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को 5 वर्ष की सजा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका से छेड़खानी के आरोपी शहंशाह पुत्र नसीम अहमद को मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में छेड़छाड़ का दोषी पाया है और छेड़छाड़ के आरोपी शहंशाह पुत्र नसीम अहमद निवासी युसुफपुर थाना सराय अकिल को अदालत ने 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और 25000 अर्थ दंड की सुनाई है पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए छेड़खानी के अभियुक्त को 05 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 25 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित कराया है।

### तमंचा के आरोपी को अर्थ दंड की सजा

**कौशांबी।** पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र के हटवा गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र जफर तमंचा के साथ पकड़े गए थे मुकदमे की सुनाई न्यायालय में चली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तमंचा के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि और 1500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है अर्थ दंड ना अदा करने पर अभियुक्त को 15 दिन के करावास की सजा सुनाई गई है थाना पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को अर्थदंड की सजा दिलायी है।

# डीएम ने प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग किये जाने के दिए निर्देश

> जिलाधिकारी ने कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक ली

**कौशाम्बी।** कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में आहूत की गई। जिलाधिकारी द्वारा 15 दिवस पूर्व उक्त से सम्बन्धित विभागों-कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, लघु सिंचाई, मण्डी, जिला खाद्य एवं विपणन से सम्बन्धित विभाग के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया था जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा लक्ष्य एवं पूर्ति के ऑकड़ों की समीक्षा के स्थान पर लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों की आय में होने वाले बृद्धि व जीवन शैली में आने वाले बदलाव का मापदण्ड निर्धारित करने एवं प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु सम्बन्धित विभागों द्वारा गम्भीरतापूर्वक व निर्धारित मापदण्ड के अनुसार बिन्दुवार आउटकम का ब्योरा नहीं दिये जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ा रोष व्यक्त करते हुये क्रिया-कलापों में सुधान लाने के निर्देश दिये व पुनः निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं से लाभान्वित ग्रामों की सूची व कृषकों का विवरण सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें तथा खण्ड विकास अधिकारी को उपरोक्त सूचना के आदान-प्रदान हेतु एक-एक कर्मचारी का दायित्व निर्धारित किया जाये। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किये जाने का लक्ष्य वर्तमान वर्ष में 8000 स्वास्थ्य कार्ड वितरण का है जिसे प्रत्येक विकासखण्ड में समान संख्या में वितरित कर कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड से 10-10 कृषकों जिनके खेतों से मृदा नमूना लिया गया है उन खेतों में फसल उत्पादन में होने वाले परिवर्तन की मॉनीटरिंग रिपोर्ट अगली बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाये जिससे यह स्पष्ट हो सके कि योजनाओं का समुचित लाभ कृषकों को प्राप्त हो पा रहा है अथवा नहीं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केले के उत्पादन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से होने वाले लाभ का विवरण समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, कृषि, लघु सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, नहर एवं सिंचाई, भूमि संरक्षण को निर्देशित किया गया कि कृषकों को दिये गये योजना का लाभ, नई तकनीकी के प्रचार-प्रसार का लाभ लाभार्थी व्यवहारिक रूप से कर रहा है अथवा नहीं यदि नई तकनीकी का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहा है तो उससे लाभार्थी कृषको को कितना लाभ हुआ तथा उसकी आर्थिक दशा में कितना सुधार आया। उक्त सन्दर्भो पर आगामी बैठक पर समस्त विभागों की प्रगति आख्या जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, सहा0 अभियन्ता लघु सिंचाई, खण्ड विकास अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, ए0आर0 कोऑपरेटिव, समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्रगतिशील कृषकगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुटका पान मसाला बेचने वाला स्कूल परिसर से गाँजा की कर रहा बिक्री

> चुंबक की तरह चिपक गया प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक, विद्यार्थियों के भविष्य को बर्बाद करने का शिक्षक ने ले रक्खा है ठेका

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के बारियावा स्थित प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक बीते 12 वर्षों से एक विद्यालय में तैनात है इस मठाधीश शिक्षक ने प्राथमिक विद्यालय बरियावा के कमरे को सफाई कर्मी को किराए पर उठा दिया है बीते दस वर्ष से सफाई कर्मी पूरे परिवार सहित विद्यालय के अंदर रहता है जिससे किराए की वसूली होती है किराए पर स्कूल का कमरा उठाए जाने के बाद छात्रों को बैठने के लिए व्यवस्थाएं नहीं मिलती है विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है स्थानीय क्षेत्र के होने के नाते शिक्षक मनमानी पर उतारू है वह ग्राम प्रधान की भी नहीं सुनते हैं इस विद्यालय की स्थित इतनी खराब है कि विद्यालय में पढ़ने वाले विधार्थियो के भविष्य को बर्बाद करने का पूरी तरह से ठेका स्कूल के शिक्षक ने ही ले रक्खा है स्कूल के कमरे को गुटखा पान मसाला बेचने वाले को किराए पर दे दिया गया है और स्कूल परिसर के अंदर गुटका पान मसाला रखा जाता है बताया जाता है कि गुटका पान मसाला बेचने वाला स्कूल परिसर से गाँजा की बिक्री करता है लेकिन स्थानीय चौकी पुलिस भी स्कूल परिसर से बिकने वाले गाँजा की बिक्री पर रोक नहीं लगा रही है बताया जाता है कि यह शिक्षक गांजा पीने का शौकीन है जिससे उसने गांजा बेचने वाले को स्कूल परिसर के कमरे में स्थान दे दिया।

**पुलिस चौकी के सामने बिकता है गाँजा : कौशाम्बी।** चरवा थाने के बारियावा पुलिस चौकी के ठीक सामने प्राइमरी स्कूल के कमरे से गुटका की आड़ में गाँजा बिकता है लेकिन चौकी इंचार्ज अनजान बन रहे है अक्सर इलाहाबाद में रहने वाला एक पूर्व प्रधान का गुर्गा गाँजा बेच रहा है और पूर्व प्रधान के दबाव में गांजा बेचने वाले पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है बताया जाता है कि यह पूर्व प्रधान पुलिस चौकी का सबसे बड़ा एजेंट और दलाल है जिससे पुलिस इसके लोगों पर कार्यवाही करने की कोशिश नहीं करती है क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है।

## संपादक की कलम से

# राज्य पुनर्गठन की मांगः विकास या सियासत?

पश्चिम बंगाल को फिर से विभाजित करने की मांग उठ रही है। इसके पहले 1905 में औपनिवेशिक शासनकाल के दौरान तत्कालीन वायसरॉय लॉर्ड कर्जन ने अविभाजित बंगाल प्रांत को विभाजित करने का प्रस्ताव रखा था। इस पहल के खिलाफ पूरे देश, खासकर बंगाल सूबे में जबर्दस्त आंदोलन उठ खड़ा हुआ था जिसके कारण अंग्रेजों को वह प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। 'बंग भंग आंदोलन' के नाम से यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इसके बाद आजादी जब मिली तो सिंध प्रांत पूरा अलग हो गया और पंजाब के विभाजन के साथ ही इसी बंगाल का एक हिस्सा भी अलग होकर 'पूर्वी पाकिस्तान' कहलाया। 1971 में भाषा के आधार पर हुए एक जनविद्रोह ने शेष पाकिस्तान से अलग होकर खुद को 'बांग्लादेश' के नाम से पृथक राष्ट्र बना लिया। वैसे उधर झारखंड के विभाजन की मांग भी उठाई जा रही है। इन दोनों ही मांगों के पीछे विकास की मंशा कम और सियासत अधिक बतलाई जा रही है, जो दुर्भाग्यजनक है। प. बंगाल के एक और विभाजन की मांग भारतीय जनता पार्टी की प. बंगाल इकाई के अध्यक्ष तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने उठाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उत्तरी बंगाल के 8 राज्यों को मिलाकर केन्द्र शासित राज्य (यूटी) बनाने का प्रस्ताव दिया है। उनके अनुसार इससे इस क्षेत्र का सिक्किम की तरह विकास करने में मदद मिलेगी। वह नॉर्थ इंडिया काउंसिल का हिस्सा बन जायेगा और उसे केन्द्रीय अनुदान का आवंटन हो सकेगा। मजूमदार चाहते हैं कि कूचबिहार, दार्जिलिंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी, अलीराजपुर, मालदा और कलिम्पोंग को मिलाकर यूटी बनाई जाये। यह मांग चाहे पश्चिम बंगाल के विकास के नाम से की गयी हो लेकिन इसके पीछे भाजपा का सियासी मकसद ही नजर आता है। इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि 2021 में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जॉन बारला और मजूमदार ने ही इस मांग को उठाया था परन्तु जब इस पर हो-हल्ला हुआ तो मजूमदार ने इस मांग से खुद को अलग कर लिया था। मजेदार बात तो यह है कि जहां एक ओर उत्तरी बंगाल के इन 8 जिलों को मिलाकर यूटी की मांग अब उठाई गयी है वहीं इसी इलाके के अलग-अलग हिस्सों को मिलाकर तीन राज्य बनाने की मांग उठती रही है। दार्जिलिंग में गोरखालैंड, कूचबिहार में ग्रेटर कूचबिहार और कामतापुरी की मांगें पुरानी हैं। सवाल यह उठ रहा है कि 10 वर्षों से केन्द्र में सत्ता होने के बाद भी भाजपा नेताओं ने यह काम क्यों नहीं कर लिया और यह मांग फिर से क्यों उठाई जा रही है? सुकांत अब राज्य मंत्री बन चुके हैं और सम्भवतः वे मानते हैं कि अपने बढ़े हुए कद और वजन से वे यह काम करा सकते हैं। दूसरा सबसे बड़ा कारण है राज्य में तृणमूल कांग्रेस पार्टी की सरकार और विशेषकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रभाव घटाना। इन जिलों में अनुसूचित जातियों व जनजातियों की बहुलता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र की 8 सीटों में से छह पर भाजपा को जीत मिली है। दूसरी तरफ उत्तर बंगाल की 54 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 6 पर उसे जीत मिली थी। यहां टीएमसी का दबदबा है। अगर यह इलाका अलग राज्य के रूप में बनाकर राज्य के नक्शे से अलग हो जाता है तो ममता की ताकत काफी घट जायेगी। वैसे बता दें कि यह इलाका काफी संवेदनशील है क्योंकि इन जिलों की सीमाएं नेपाल, भूटान और बांग्लादेश से लगती हैं। यहां के कई संगठन उत्तरी बंगाल को अलग करने की मांग करते रहे हैं जिनके पीछे राजनीतिक शह बतलाई जाती रही है। राज्यों के विभाजन या पुनर्गठन से किसी को कोई उज्र नहीं हो सकता लेकिन देखना यह होगा कि ऐसा करने का उद्देश्य क्या है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों बड़ी पराजय पाने के बाद से ही टीएमसी को नेस्तनाबूद करने पर भाजपा तुली हुई है। ममता विपक्षी गठबन्धन इंडिया का एक मजबूत पाया है और वह पीएम मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बराबर चुनौतियां देती रहती हैं। संसद के दोनों ही सदनों में जिस प्रकार से टीएमसी सत्ता के लिये सिरदर्द बनी हुई है उसके चलते ममता की शक्ति कम करने की दृष्टि से यह मांग उठाये जाने का पूरा अंदेशा है। देखना होगा कि इसको लेकर प. बंगाल के लोगों और टीएमसी सहित अन्य राजनीतिक दलों की क्या प्रतिक्रिया होती है।दूसरी तरफ झारखंड से भी कुछ इसी तरह के संकेत मिल रहे हैं। वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान भाजपा भी कुछ इसी प्रकार के हथकंडे अपनाने की जुगत में लगी है। झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तो झारखंड के संथाल परगना, बिहार के किशनगंज, कटिहार व अररिया और प. बंगाल के मालदा व मुर्शिदाबाद को मिलाकर केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की मांग की है। इसके पीछे उनका तर्क यह है कि टीएमसी की उदार नीति के कारण बांग्लादेश के शरणार्थी भारत आ रहे हैं और इन इलाकों में फैल रहे हैं। उनका यह भी आरोप है कि संथाल परगना में आदिवासी आबादी अब घटकर 26 प्रतिश्ता रह गयी है जबकि पहले वे 36 प्रतिशत थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि सुनियोजित तरीके से हिन्दू आबादी को कम किया जा रहा है। इन दोनों ही मामलों को देखकर साफ है कि विरोधी दलों के प्रभाव को घटाने के उद्देश्य से भाजपा राज्यों के विभाजन व पुनर्गठन का दांव चल रही है जिसे किसी भी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सैंटर, पीजी और हॉस्टल

– ललित गर्ग –

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते?




शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।

विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?

वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा। जलभराव के कारण पानी जब बेसमेंट में घुसा तब लाइब्रेरी में 30-35 छात्र थे। यह तो गनीमत रही कि तीन अभागे छात्रों को छोड़कर बाकी सब जैसे-तैसे निकल आए। इस इलाके में बरसात में हर समय जलभराव होता है, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इसका कोई विशेष औचित्य नहीं कि एमसीडी ने एक जांच समिति गठित करने की बात कही है। जांच के नाम पर लीपापोती होने की ही आशंका अधिक है। दिल्ली की घटना इसकी परिचायक है कि जिन पर भी शहरी ढांचे की देखरेख करने और उसे संवारने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही से करने के लिए तैयार नहीं। यही कारण है कि देश की राजधानी के साथ-साथ अन्य महानगरों का भी शहरी ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है।

बात हम नया भारत एवं विकसित भारत की करते हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं अभी वैसी नहीं बनी है और हम अनियंत्रित एवं असुरक्षित विकास करते जा रहे हैं। मुंबई हो, दिल्ली हो, चैन्नई या बेंगलुरु या ऐसे ही अन्य बड़े शहर -हर कहीं अनियोजित विकास और शहरी निर्माण संबंधी नियम-कानूनों के खुले उल्लंघन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि सरकारी भवनों तक में सुरक्षा के उपायों की अनदेखी होती है। दिल्ली के इनकम टैक्स भवन में आग से एक अधिकारी की जान हाल में गयी। कहने को तो अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, लेकिन वे कागजों पर ही अधिक हैं या निदोर्षों को परेशानी करने के लिये है। औसत जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी पैसे बनाने के फेर में रहते हैं और अनियोजित विकास को रोकने के बजाय उसे बढ़ावा देने का काम करते हैं। सब चलता है वाली प्रवृत्ति इस तरह अपनी जड़ें जमा चुकी है कि व्यवस्था की परवाह करना ही छोड़ दिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शहरी विकास के बड़े-बड़े दावे करने और उन्हें संवारने की तमाम योजनाएं बनाने के बावजूद देश के शहर दुर्दशाग्रस्त एवं असुरक्षित हैं। हर हादसे पर सियासत होती है लेकिन कोचिंग सैंटर माफिया इतना ताकवर है कि उसके आगे कोई कुछ नहीं बोलता। ऐसा क्यों है यह सब जानते हैं।


**प्रेषक**

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**


# परिभाषा और आंकड़ों में उलझी गरीबी



'पिछले पच्चीस साल के दौरान देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई बहुत तेजी के साथ बढ़ी है। यह ठीक है कि बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं के चलते अब भूख से मरने की खबर शायद ही कहीं से आती हो, लेकिन बड़े और छोटे के बीच इतना बड़ा फर्क पहले कभी नहीं था इसके लिए सारे राजनीतिक दल एक समान दोषी हैं। जिस तरह से अंबानी बंधु इत्यादि सम्पन्न लोग अपने वैभव का अहंकारपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं वह जुगुप्सा पैदा करता है। मुझे लगता है कि वाम मोर्चा या मेधा पाटकर जैसे सामाजिक कार्यकर्ता यदि अंबानी महल के सामने जाकर प्रदर्शन करते तो वह अधिक कारगर होता। दुर्भाग्य से इस मसले पर कोई राजनेता, कोई बुध्दिजीवी, कोई समाज चिंतक बात ही नहीं करता।

दूसरा गंभीर मसला देश की जनसंख्या का है। मेरी दृष्टि में वह अवधारणा अर्थहीन हो गई है कि ज्यादा बच्चे होंगे तो ज्यादा काम करने वाले हाथ होंगे। इस मुद्दे पर क्या राजनेता, क्या बुध्दिजीवी, सब अपने आपको धोखे में रख रहे हैं। देश के पास जो भी संसाधन हैं- धरती, जल, खनिज, वन-सब सीमित हैं। जबकि बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण आवश्यकताएं तेजी से बढ़ रही हैं। संजय गांधी के अति उत्साह का जो दुष्परिणाम हुआ उसके भय से आज कोई भी जिम्मेदार राजनेता इस बारे में सीधे-सीधे से बात करने में कतराता है, लेकिन सच्चाई से कब तक मुंह छिपाया जाएगा? '

# केन्द्रीय बजट की शोभा बनीं रोजगार योजनाएं महज एक छलावा

– पी. सुधीर

लोगों की घटती क्रय शक्ति के कारण कुल मांग में लगातार गिरावट से उत्पादन से जुड़े मुनाफे की शुद्ध बिक्री और प्राप्ति में कमी आ रही है और इस तरह उत्पादन के प्रति निजी निवेश की भावना प्रभावित हो रही है। कॉरपोरेट आय वृद्धि को लगातार सट्टेबाजी की ओर मोड़ा जा रहा है। सरकार कॉरपोरेट्स को सब्सिडी दे सकती है लेकिन इन योजनाओं से अर्थव्यवस्था की स्थिति और लोगों की स्थिति और खराब होगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण चौराहे पर है, जहां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि किसी भी तरह से रोजगार सृजन क्षमता को बढ़ावा नहीं दे रही है। यहां तक कि सृजित नौकरियों में से 57.3प्रतिशत स्वरोजगार वाले हैं, 18.3 प्रतिशत अवैतनिक घरेलू कामगार हैं और 45प्रतिशत से अधिक कृषि में कार्यरत हैं। मार्च 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार पैदा करने में पूरी तरह विफल रही और आश्चर्यजनक रूप से भारत की साल-दर-साल विनिर्माण उत्पादकता 2022-23 में 2.38 प्रतिशत गिर गई। दूसरी ओर मोदी सरकार की ओर से प्रोत्साहन और कई अन्य लाभकारी लाभों के कारण, भारत की सूचीबद्ध कंपनियों ने 2023-24 में 10.1 प्रतिशत की दर से भारी शुद्ध लाभ कमाया, जो 2007-08 के बाद से सबसे अधिक है।

यह सरकारी खजाने से धन की हेराफेरी कर निजी क्षेत्र को देने का प्रमाण है, जो रोजगार सृजन के नाम पर किया गया था, परन्तु वास्तविक बेरोजगारी बढ़ी और रोजगार की गुणवत्ता घटी। मोदी सरकार तो घर के काम में सहयोग करने वालों को,तथा जिन्हें सप्ताह मेंए क घंटे का काम मिला उन्हें भी रोजगार प्राप्त लोगों में गिन कर बेरोजगारी की दर कागजों में घटा ली है, जो अनेक धोखाधड़ियों में महज चुनिंदे उदाहरण हैं।

अब आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की सख्त जरूरत है।

इस गंभीर रोजगार संकट और लोकसभा चुनाव अभियान में इस मुद्दे के ज्वलंत विषय बनकर उभरने के मद्देनजर, अनेक लोगों ने सोचा होगा कि तीसरी मोदी सरकार का पहला केंद्रीय बजट रोजगार सृजन और नये रोजगार के अवसर पैदा करने पर विशेष ध्यान देगा। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया 2024-25 का केन्द्रीय बजट औपचारिक क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के खोखले और भ्रामक उपायों के लिए उल्लेखनीय है, जबकि सार्वजनिक धन को कॉरपोरेट्स को उदारतापूर्वक बांटा गया है।

वित्त मंत्री ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजनाओं की एक श्रृंखला की घोषणा की है, जिसने कॉरपोरेट पंडितों के बीच काफी चर्चा पैदा की है। योजना-ए, सभी नियोक्ताओं पर लागू है, जबकि योजना- बी और योजना- सी विशिष्ट श्रेणियों के लिए हैं।

योजना- ए के अनुसार, यदि कोई नियोक्ता किसी नये कर्मचारी की भर्ती करता है या किसी गैर-सूचीबद्ध कर्मचारी को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में सूचीबद्ध करता है, तो सरकार कर्मचारी के एक महीने के वेतन का भुगतान तीन किस्तों में 15,000 रुपये तक करेगी। इसका मतलब है कि सरकार नियोक्ता को उसके देय वार्षिक वेतन हिस्से का बारहवां हिस्सा सीधे सब्सिडी देने जा रही है।

विनिर्माण क्षेत्र के नियोक्ता, जो कम से कम 50 नये गैर-ईपीएफओ कर्मचारियों को काम पर रखते हैं, योजना- बी के लिए पात्र होंगे। इस योजना में, सरकार ईपीएफओ में कर्मचारियों और नियोक्ताओं के हिस्सों का भुगतान करेगी, जिसका भुगतान वेतन घटक के 24प्रतिशत के रूप में सीधे जनता के पैसे से की जायेगी।

योजना - सी के अनुसार, कोई भी कंपनी जो 2 से 5 नये कर्मचारियों की भर्ती करती है, उसे प्रति माह 3,000 रुपये तक का ईपीएफओ नियोक्ता अंशदान प्राप्त होगा। स्पष्ट रूप से, सरकार सरकारी खजाने से वेतन घटक का 32.33 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी।

सबसे नुकसानदेह तथ्य यह है कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए कंपनियों को हर साल नये कर्मचारियों की भर्ती करनी होगी। इसका मतलब यह है कि पहले साल में भर्ती किये गये कर्मचारी एक साल पूरा होने के बाद निश्चित अवधि के लिए काम पर रखे जायेंगे और बाहर निकाल दिये जायेंगे और ये योजनाएं सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए छंटनी को बढ़ावा देंगी।

# हादसों के लिए भोले बाबा जिम्मेदार

@ राकेश अचल

देश की राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे के बाद दिल्ली महानगर पालिका निगम सक्रिय हो गयी है। एमसीडी ने आधा दर्जन से अधिक भूमिगत निमार्णों पर ताला जड़ दिया है और तमाम निर्माणकताओं को कारण बताओ नोटिस दे दिए हैं। राजनीतिक दल मिलकर इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की तलाश कर रहे हैं और एक-दुसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लगाने में अपना पुरुषार्थ दिखा रहे हैं। लेकिन न हमेशा की तरह कोई दोषी मिल रहा है और न मिलेगा। हकीकत ये है कि हम एक ' हादसा-प्रूफ' देश में रहते हैं। यहां आये दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं लेकिन उनके लिए जिम्मेदार लोगों का, सिस्टम का कभी, कोई पता नहीं चलता। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की कोचिंग संस्था में हुआ हादसा इसलिए अभी सुर्खियों में है क्योंकि इस संस्थान में देश की भावी नौकरशाही में शामिल होने के लिए प्रतियोगी युवक मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। ये हादसा प्रकृति जनित है या मनुष्य जनित ये तय करना आसान नहीं है। दिल्ली के उप राज्यपाल ने दिल्ली के कमिश्नर से हादसे के बारे में रिपोर्ट मांगी है। उप राज्यपाल दिल्ली में हादसा स्थल से थोड़ी सी ही दूरी पर रहते हैं। वे चाहते तो वहां खुद जाकर सब कुछ देख सकते थे, किन्तु ऐसा सम्भव नहीं हुआ, क्योंकि हमारे यहां हर चीज का एक सिस्टम है। ये सिस्टम तय करता है कि हमारे भाग्यविधाता कहाँ जाएँ और कहाँ न जाएँ ?




अपने आलेखों में मै अक्सर लोकोक्तियों और मुहावरों का इस्तेमाल करता हूँ और लोगों को बताता रहता हूँ रिवायतों के बारे में। हमारे यहां हादसे दर हादसे होते हैं लेकिन हर जगह, हर कोई नहीं जाता। मिसाल के तौर पर देश की संसद ने कहा, देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक संघ ने कहा लेकिन हमारे प्रधानमंत्री आजतक मणिपुर नहीं गए। वे रूस जा सकते हैं, ऑस्ट्रिया जा सकते हैं लेकिन मणिपुर नहीं जा सकते। मणिपुर छोड़िये वे हाथरस नहीं जा सकते। ऐसे में वे दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर क्यों जाएँ ? प्रधानमंत्री जी ही क्या उनके मंत्रिमंडल का कोई सदस्य क्यों जाए ? उनके जाने या न जाने से सिस्टम कौन सा पलक झपकते सुधरने वाला है ? प्रधानमंत्री या उप राज्यपाल कोई फायर ब्रिग्रेड या रेपिड एक्शन फोर्स तो हैं नहीं ! दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर का हादसा भी कोई नया तो है नहीं। ये वो ही दिल्ली है जहां उपहार सिनेमा हादसा हुआ था। हादसे की वजह चाहे आग हो चाहे पानी, लेकिन जिम्मेदार कम से कोई सिस्टम, कोई नेता नहीं होता। मेरे ख्याल से हर हादसे के लिए भगवान जिम्मेदार होता है और भगवान को दण्डित नहीं किया जा सकता। भगवान का काम सृजन और ध्वंश दोनों हैं। वे जो न करें सो कम हैं, इसलिए किसी भी हादसे के लिए न किसी आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और न किसी खास आदमी पार्टी [सत्तारूढ़ पार्टी ] को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जिम्मेदारी ठहरने के लिए कोई शंख बजे या बांसुरी, इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

हमारा देश कितने करोड़ की आबादी वाला देश है, ये हमें क्या, हमारी सरकार को भी पता नहीं है। हमारे यहां पिछले 13 साल से जनगणना नहीं हुई, जबकि उसे हर दस साल में करना ही होता है। भाजपा की बैशाखी सरकार जनगणना को फालतू का काम समझती है, इसीलिए उसने न 2021 में जनगणना कराई है और न उसका ऐसा कोई इरादा है। हमारे यहां जन और गण की है सियत कीड़े-मकोड़ों से ज्यादा नहीं है। इसलिए उन्हें गिनने से क्या फायदा। हमारी सरकार किसी भी हादसे में अकाल मृत्यु के लिए पीडितों के परिजनों को मुआवजा देने का पुण्य कार्य करती है। हमारे देश में 10 हजार से लेकर दस लाख तक का मुआवजा दिया जाता है। जिसकी जैसी हैसियत, उसे वैसा मुआवजा। सबका जीवन अलग-अलग है। उसकी कीमत अलग-अलग है। ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे में मारे गए युवक चूंकि भावी नौकरशाह थे, इसलिए मृतकों के साथी मुआवजे कोई राशि पांच करोड़ मांग रहे हैं। उन्हें पता है कि नौकरशाही का अंग बनने के बाद करोड़ों रुपए कमाना बाएं हाथ का खेल है। हमारे यहां नौकरशाह और नेता किसी के मोहताज नहीं होते। वे एक -दुसरे के सहायक हैं। लूटमार करने में, असंवेदनशील होने में, संविधान की ऐसी-तैसी करने में। कोई किसी से कम नहीं। इस मामले में सभी दलों का चरित्र एक जैसा है। कोई दूध का धुला नहीं है। चाहे दक्षिण पंथी हो या वाम पंथी। कांग्रेसी हो या धुर समाजवादी। आप मानते हों या न मानते हों किंन्तु मै मानता हूँ कि हिन्दुस्तान उस देश का नाम नहीं है जिस देश में गंगा बहती है। हिन्दुस्तान उस देश का नाम है जहां 85 करोड़ भिखमंगे रहते है। हिंदुस्तान उस देश का नाम है जिसमें साम्प्रदायिकता की खेती होती है और गेंहूं -चावल, दाल -तिलहन पैदा करने वाले किसान अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मांगे जाने पर या तो मारे जाते हैं या उनके लिए दिल्ली को कील दिया जाता है। हिंदुस्तान वो देश है जहां सरकार चलने में सहयोग करने वाले दलों को न्यूतम समर्थन मूल्य दिया जाता है और ऐलानिया बजट प्रावधान करके दिया जाता है। बैशाखियाँ लगाना इस देश का सबसे बड़ा और पवित्र कार्य है। इसके लिए कितनी भी कीमत दी जाये कम है।ये कीमत जनादेश को मोथरा करने की कीमत है। सत्ता में आने के लिए कोई भी दल ,किसी भी दल को ये कीमत दे सकता है। इस समय बारी भाजपा की है और तैयारी कांग्रेस ने भी कर रखी है। हम देश में एक विधान, एक निशान एक चुनाव, एक नेता की बात जरूर करते हैं लेकिन नगरीय विकास और ग्रामीण विकास के लिए एक कानून कीबात कभी नहीं करते। हम भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता का नाम बदलकर भारतीय न्याय सन्हिता तो कर सकते हैं, लेकिन किसी भी कानून का सत्यनिष्ठा से अक्षरशः पालन नहीं कर सकते। हमारे यहां असंख्य कानूनों की मौजूदगी के बावजूद आपको आजादी है कि आप देश की किसी भी नदी, किसी भी नाले, किसी भी वन भूमि पर अतिक्रमण कर लें उसे अपराध नहीं माना जाता। दिल्ली का हादसा भवन निर्माण कानूनों की अनदेखी का सबसे बड़ा उदहारण है। हमारे यहां जहां भूमिगत पार्किंग होना चाहिए वहां आईएएस बनाने वाली संस्थाओं की लाइब्रेरी है। बिगाड़ लीजिये आप किसी का कुछ ? हम उस देश के वासी हैं जो नोटबंदी का अपराध करने वालों को दण्डित नहीं कर पाये। हम उस देश के वासी है जो देश का पैसा खाकर विदेश जाने वालों को पकड़ नहीं पाया। हम उस देश के वासी हैं जहाँ आज भी देश की अर्थव्यवस्था में कालाधन आराम से छापा जा रहा है।

## चित्रकूट संदेश

# छापेमारी कर प्लास्टिक की धर-पकड़ अभियान चलायें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला गंगा समिति व पर्यावरण समिति की बैठक में निर्णय लिया कि मंदाकिनी नदी रामघाट में साफ-सफाई अभियान को नाविकों की समिति गठित कर नदी में साफ-सफाई अभियान चलाया जाये।

सोमवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता ने बाल्मीकि आश्रम व कामगिरि परिक्रमा तथा विभिन्न आश्रमों को चिन्हित कर प्लास्टिक की रोकथाम, दोना-पत्तल व कागज के लिफाफों के प्रयोग को प्रेरित किया जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को समूह की महिलाओं से कागज के लिफाफे बनवायें। दुकानदारों को उपलब्ध करवायें। नदी किनारे कचरा एकत्र करने को नगर पालिका कुण्ड बनवाये। आशीष सिंह रघुवंशी ने मांग उठाई की बरेठी चेकडैम में फाटक लगवायें। ईओ नगर पालिका लालजी यादव को निर्देश दिये कि दुकानों में छापे मारकर प्लास्टिक की धर-पकड़ अभियान चलायें। अधिक से अधिक जुर्माना कर दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह कागज के लिफाफे प्रयोग करने को प्रेरित करें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड एसके प्रसाद, अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येंद्रनाथ, असिस्टेंट कमिश्नर उद्योग रूपेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, एसडीओ राजीव रंजन, क्षेत्रीय वनाधिकारी नफीस खान, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अजीत सिंह पटेल, आशीष सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

# महिलाओं को आत्म निर्भर बनायेगा सद्गुरु: डा. बीके जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रणछोड़ दास के संस्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने को पहल शुरू की है। सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित महिला समिति की महिलाओं को सशक्त व आत्म निर्भर बनाने को 25 वर्षो से काम कर रही अध्यक्षा ऊषा जैन व ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने नेत्र सहयोगी कर्मी बाबत आधुनिक पाठशाला के शुभारम्भ पर कहा कि पिछले दो वर्षों से सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने ग्रामीण व वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने को प्रगति की है।

सोमवार को उन्होंने महिलाओं को सशक्त व आत्म निर्भर बनाने की दिशा में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय व मिशन फॉर विजन तथा वेन गिविंग फाउंडेशन मिलकर काम कर रहे है। महिलाओं को सहयोगी नेत्र संबंधी कर्मी पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण सुविधाओं को बेहतर बनाने को मिशन फॉर विजन के समर्थन से दो आधुनिक कक्षायें शुरू की हैं। समारोह में मिशन फॉर विजन के फ्रैंकलिन डैनियल व सहयोगी सुश्री रुतुल शाह की मौजूदगी में डॉ बीके जैन ने मिशन फॉर विजन की टीम व सीईओ एलिजाबेथ कुरियन के समर्थन पर आभार जताया।



बैठक में बोलते डॉ बीके जैन।

# पत्नी हत्या पति को हुई उम्रकैद की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दहेज हत्या मामले में दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा समेत 20 हजार रुपये जुर्माना भी किया है।

सोमवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि फतेहपुर जिले के धाता थाने के कारीकांत गांव के मो हारुन ने राजापुर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि बेटी गुलप्शा बेगम की शादी चार अप्रैल 2019 को राजापुर थाने के बिहरवा गांव के मो इलियाश से की थी। शादी बाद इलियाश दहेज कम व सामान कम मिलने को लेकर ससुरालीजन बेटी को प्रताडित करने लगे। बेटी ने उन्हें बताया तो कहा कि अधिक दहेज देने की हैसियत नहीं हैं। ऐसे में बेटी को 23 मई 2021 को सवेरे आठ बजे फांसी लगाकर मार डाला। गांव के दूसरे लोगों ने फोन से सूचना दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मृतका के आरोपी पति मो इलियाश को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा समेत 20 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# नौ दिवसीय तुलसी महोत्सव मनाने को हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर में तुलसी जन्मोत्सव मनाने को लेकर एसडीएम प्रमोद झां व तुलसी सेवा परिवार की मौजूदगी में तहसील सभागार में नगरवासियों व समाजसेवियों से दो से 11 अगस्त तक तुलसी जन्म महोत्सव पर बैठक हुई। कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

सोमवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम प्रमोद झां ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाने को समाजसेवियों, नगरवासियों समेत जनसहयोग से चार चांद लगाये जा सकते हैं। व्यापारियों व समाजसेवियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। जल संस्थान के अवर अभियंता राहुल कुमार को निर्देश दिये कि पेयजल समस्या जल्द दूर करें। नगर में आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल की दिक्कत न हो। बिजली विभाग अवर अभियंता जितेन्द्र सिंह पटेल को निर्देश दिये कि तुलसी जयंती पर नगर में झूलती विद्युत तारों को दुरुस्त करें। विद्युत कटौती बन्द रखें। लो-वोल्टेज की समस्या दूर करें। दो से 11 अगस्त तक तुलसी जन्मकुटीर में स्वास्थ्य शिविर लगाने को डॉ प्रमोद कुमार को निर्देश दिये। नगर पंचायत के ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि मुख्य मार्गों व अन्य सड़कों पर घूम रहे अन्ना जानवरों को गौशाला में संरक्षित करें। सब्जी मंडी को मुख्य मार्ग से हटायें। तीर्थयात्रियों को महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतें न हो। तुलसी जयंती के मद्देनजर नगर की सड़कों की साफ-सफाई करायें। हर खम्भों पर रोडलाइट लगायें। बिना जन सहयोग के नौ दिवसीय भव्य तुलसी जयंती समारोह नहीं हो सकता। इसलिए सभी को कार्यक्रम में आगे आना चाहिए। महोत्सव मनाने को नगर पंचायत तुलसी जन्मकुटीर से लेकर मुख्य मार्ग में साज-सज्जा करायें। नगरवासियों व दुकानदारों से अपील किया कि दुकानों व घरों के सामने स्वागत द्वार तथा होर्डिंग लगायें, ताकि दूर-दूर तक महोत्सव की झलक पहुंच सके। समाजसेवी राजेंद्र पाण्डेय बनारस, सतीश चंद्र मिश्रा, सुनील मिश्रा ने कहा कि तुलसी जयन्ती पर तुलसी घाट कॉम्प्लेक्स में पानी व सफाई कर्मी की व्यवस्था करायें, ताकि तीर्थयात्रियों, साधु-संतो को दिक्कतें न हों। महोत्सव में भीड़भाड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करायें। बैरिकेटिंग कर नगर के मुख्य मार्गों से भारी वाहनों का आवागमन बंद करायें। क्षतिग्रस्त द्वारों की मरम्मत करायें। पेयजल की व्यवस्था कर प्रतिदिन टैंकर से पानी उपलब्ध करायें। बैठक में तहसीलदार राम सुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे, जेई जल संस्थान राहुल कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार, अग्निशमन केंद्र प्रभारी पवन कुमार त्यागी, सुभाष अग्रवाल, श्यामसुन्दर मिश्र, उमेश सोनी, राकेश नामदेव, राधेश्याम सोनी, हरिमोहन सोनी, वार्ड मेम्बर शंकरदयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, चमनलाल रैकवार, अशोक सोनी, वीरेन्द्र द्विवेदी, अमित सोनी, तुलसी सेवा परिवार व ग्रामीण अंचल के समाजसेवी तथा नगरवासी मौजूद रहे।



तुलसी महोत्सव पर चर्चा करते एसडीएम।

## दो वांछित दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वांछित दबोचे हैं।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह की टीम ने वांछित पवन निषाद पुत्र सुन्दर निषाद बरुआ को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के अपराध निरीक्षक लाखन सिंह की टीम ने दुष्कर्म वांछित अवधेश सिंह पुत्र भगौती प्रसाद मनौधा सानी को गिरफ्तार किया।

# गैंगेस्टर एक्ट वांछित 15 हजार का ईनामी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह की टीम ने 15 हजार रुपये के ईनामी गैंगेस्टर एक्ट के वांछित कृष्णा नायक पुत्र अमरा नायक निवासी खितौली थाना सुहागपुर जिला शहडोल मप्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कृष्णा नायक काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार, दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही लवकुश यादव, शाकिर अली शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में ईनामी अपराधी।

# एआरटीओ कार्यालय में बिना दलालों के नहीं होते काम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एआरटीओ कार्यालय अभी भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हुआ। एआरटीओ कार्यालय में फाइलों पर दलालों के नाम लिखे जाते हैं। तभी फाइलों पर कार्य होता है। सीधे कोई फाइल लेकर जाता है तो उसे लौटा दिया जाता है। किसी तरह का कोई कार्य बिना दलाल के नहीं होते। सोमवार को एआरटीओ कार्यालय के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि एआरटीओ कार्यालय में दलालों का जमावडा लगता है। बिना दलाल के कोई कार्य नहीं होते। पिछले एक माह पहले से पड़ी फाइल को सीधे लेकर जाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। फाइल पर दलाल के हस्ताक्षर होते हैं। जो दलाल फाइल लेकर जाते हैं, उनके नाम फाइल के ऊपर लिखे जाते हैं। उन्हीं दलालों से कार्य होता है। जो पैसा देकर वहां से काम कराते हैं। इस बाबत लिपिक अजय वर्मा का वीडियो भी है। जो पैसों का लेनदेन करता है। जनता के सीधे जाने पर कोई कार्य नहीं होते। एआरटीओ कार्यालय में दलालों के जमावडा से आम जनता खासी परेशान है। हाल में एआरटीओ विवेक शुक्ला का निलम्बन हुआ है। फिर भी एआरटीओ कार्यालय में कोई सुधार नहीं हो रहा। दूसरी ओर जिलाधिकारी कार्यालयों में निरीक्षण कर प्रमाण पत्र मांग रहे हैं कि कोई बाहरी आदमी विभागों में कार्य तो नहीं कर रहा। एआरटीओ कार्यालय की ओर कोई देखने वाला नहीं है।

# क्षेत्राधिकारियों ने बैंकों की जांची सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारियों की अगुवाई में थाना क्षेत्र के बैंकों की जांच हुई। जांच दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर देखा। ड्यूटी में मौजूद पुलिस कर्मियों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये।

सोमवार को जिले के क्षेत्राधिकारियों ने क्षेत्र के बैंकों की जांच की। जांच दौरान सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों को देखा। सही ढंग से कार्य कर रहे है या नहीं। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा बाबत चर्चा की। परिसर में संदिग्ध लोगों की जांच की। अनावश्यक रूप से बैंक व परिसर में बैठे लोगों को परिसर से बाहर किया।



बैंकों की सुरक्षा देखते सीओ।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मन्दिर में ईओं करें व्यवस्थायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आयोजन को 23, 24, 25 अगस्त व 30, 31 अगस्त दो पालियों में जिले में होगी।


सोमवार को डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा के पुनः आयोजन को चयनित छह परीक्षा केन्द्र का सत्यापन बोर्ड को भेजा है। ये परीक्षा जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, गोस्वामी तुलसी दास राजकीय डिग्री कालेज बेडीपुलिया, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी, चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कालेज कर्वी, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सदर सौरभ यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण आख्या में परीक्षा केन्द्र जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर में पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की स्थिति ठीक मिली। कुछ कक्षों में सीसीटीवी चलते नहीं मिले। इस बाबत सुधार को निर्देश दिये। परीक्षा केन्द्र गोस्वामी तुलसी दास राजकीय डिग्री कालेज बेडीपुलिया में परीक्षा बाबत सभी सुविधायें मिलीं। सभी सीसीटीवी व कंट्रोल रूम ठीक मिले। परीक्षा केन्द्र सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर में परीक्षा बाबत सभी सुविधायें ठीक मिली।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सावन माह के द्वितीय सोमवार को रामघाट में मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर की व्यवस्थायें देखी। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि रामघाट व मंदिर परिसर की अच्छे ढंग से साफ-सफाई कराते रहें। जो श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं, उनके लिए छाया की व्यवस्था करें। तीर्थ यात्री व स्थानीय लोगों के साथ कांवड़ यात्रा के लोग भी यहां जल चढ़ाने आते हैं। श्रद्धालुओं को देखते हुए सभी व्यवस्थायें ठीक रखें, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।



रामघाट का जायजा लेते डीएम-एसपी।

# दुकानों-मकानों के सामने व्यापारी लगायें कैमरे: एसपी



व्यापारियों से चर्चा करते एसपी-एएसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में व्यापारी बन्धुओं की गोष्ठी में व्यापारियों से समस्यायें पूंछी। समस्याओं के समाधान को आश्वस्त किया। सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में व्यापारियों से अपील की कि अपनी दुकानों-मकानों व प्रतिष्ठानों के सामने सीसीटीवी कैमरे लगवायें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर पूरी जानकारी कैमरे में कैद हो सके। गोष्ठी में गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

## बैंक मैनेजर पर तानाशाही का आरोप

**महिला प्रधान ने लगाये आरोप**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर आर्यावर्त बैंक मैनेजर पर मानिकपुर ब्लाक के लौढियामाफी गांव के सचिव व शाखा प्रबंधक पर बिना प्रधान के हस्ताक्षर के चेक से नौ लाख रुपये भूसा भुगतान करने पर प्रधान चम्पा देवी ने सीडीओ व जिलाधिकारी से शिकायत की थी। मामले की जांच बाबत प्रधान को ग्राम पंचायत के खाते की बैंक स्टेटमेंट की जरूरत पडी तो प्रधान चम्पा देवी राजपूत बैंक मैनेजर के पास स्टेटमेंट लेने गई तो बैंक मैनेजर ने ये कहकर भगा दिया कि प्रधान-सचिव दोनों एक साथ आयेंगे तभी स्टेटमेंट मिलेगा। सोमवार को ये आरोप प्रधान चम्पा देवी ने बैंक मैनेजर पर लगाया। उन्होंने बताया कि मैनेजर ने कहा कि सचिव नहीं आता तो बीडीओ के कहने पर स्टेटमेंट मिल सकता है। प्रधान ने पत्र में बीडीओ के हस्ताक्षर कराकर पुनः स्टेटमेंट लेने गई तो शाखा प्रबंधक ने फिर भगा दिया। कहा कि अभी नया बीडीओ आया है। बैंक में सिग्नेचर फीड नहीं है। बाद में आने की बात कही। कुछ भी हो प्रधान व सचिव का संयुक्त खाता होने से एक आदमी कोई भी स्टेटमेंट प्राप्त कर सकता है। लेकिन मैनेजर अड़ियल रवैये के चलते प्रधान को परेशान कर रहा है। स्टेटमेंट देने में आनाकानी कर रहा है। इस बाबत बैंक जाकर मैनेजर का पक्ष जानने का प्रयास किया तो मैनेजर ने कहा कि बैंक में पत्रकारों को एलाऊ नही है, कैसे आ गये।

## प्राधिकरण में उल्लेखनीय कार्य पर मिला प्रशस्ति पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सराहनीय कार्य करने पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव डा नितिन रमेश गोकर्ण आईएएस व सचिव डॉ बलकार सिंह आईएएस ने अध्यक्ष/जिलाधिकारी चित्रकूट को प्रशस्ति पत्र दिया। ये प्रशस्ति पत्र सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने प्राप्त किया। अध्यक्ष/जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की टीम को प्रशस्ति पत्र मिलने पर बधाई दी।

# चार मासूमों की बम विस्फोट से मौत का मामला विधानसभा में गूंजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधानसभा के मानसून सत्र में सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में निजी ट्यूबवेल को किसानों का पैसा जमा होने के बाद भी विद्युत सामग्री न मिलने की सूचना विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पेश किया। विधायक ने बताया कि अपनी निधि से धनराशि देने के बाद भी विद्युत विभाग ने उन जगहों पर काम नहीं किया।

सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में उठाये प्रश्न में कहा कि कोतवाली कर्वी के चित्रकूट इंटर कॉलेज में बुंदेलखंड महोत्सव दौरान 14 फरवरी 2024 को शाम चार बजे विस्फोटक सामग्री से हादसे में चार नौनिहाल बच्चों प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, पारस पुत्र कंसराज, यश पुत्र विश्व प्रताप व मोहित पुत्र मुकेश निवासी मिशन चैराहा कर्वी माफी की मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना में आयोजन दौरान न एम्बुलेंस थी, न अग्निशमन यंत्र थे, न अग्निशमन की गाड़ियां, न बचाव को कोई उपाय पहले से क्यों नहीं किये गये। पूरे घटनाक्रम की जांच के आदेश सरकार ने दिये थे। ये जांच औपचारिक बनकर रह गई। दोषियों व जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही न होने से लोगों में रोष है। आखिर बड़े हादसे बाद आयोजक व जिला प्रशासन के जिम्मेदार पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई। जांच में झुनझुना क्यों पकड़ाया। घटना की जांच के आदेश पर कितने समय में कार्यवाही होनी चाहिए। इस बाबत सदन में विधायक ने बात रखी है। उम्मीद जताई कि पीडित परिवारों को विधायिका से न्याय मिलेगा। जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी।

उन्होंने जिले में अघोषित विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या एक माह से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में होने की बात कही। दिन में 2 से 4 घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही है। पूरी रात बिजली गुल रहती है। विद्युत कटौती से जिले की जनता में रोष है। बिजली संकट से ग्रामीणों को बूंद- बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। जहरीले कीड़ों के काटने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को बताया गया। गंभीरता से नहीं लिया। विभागीय अधिकारी जनता का फोन नहीं उठाते। सीयूजी नंबर बंद रखते हैं।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

### सभी विद्यालय वाहनों के फिटनेस की दें प्रति: डीआईओएस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने जिले के सभी बोर्डों के माध्यमिक विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों, पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र व चालन अनुज्ञप्ति आदि की जांच को एडीएम एफआर की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। सोमवार को जांच के अनुपालन में जिले के सभी बोर्ड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को स्कूली वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कोई विद्यालय वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों आदि के बिना चलते मिलें तो तत्काल सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रबंधक को उत्तरदायित्व ठहराने को विद्यालय की मान्यता रद्द करने की कार्यवाही की जायेगी

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो कबाइली समूहों के बीच सशस्त्र संघर्ष में 30 की मौत, 145 घायल



**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में दो कबाइली समूहों के बीच जमीन को लेकर हुए सशस्त्र संघर्ष में कम से कम 30 लोग मारे गए और 145 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी

अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी कुर्रम जिले के बोशेरा गांव में पांच दिन पहले भीषण झड़पें शुरू हो गई थीं। इस गांव में पहले भी जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच घातक संघर्ष के साथ-साथ सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हो चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में पिछले पांच दिन में जनजातीय संघर्ष में 30 लोग मारे गए और 145 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने आदिवासी बुजुर्गों, सैन्य नेतृत्व, पुलिस और जिला प्रशासन की मदद से कुछ समय पहले बोशेरा, मलिकेल और डंडार इलाकों में शिया तथा सुन्नी जनजातियों के बीच समझौता कराया है। हालांकि, जिले के कुछ अन्य हिस्सों में गोलीबारी अभी भी जारी है। वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि शेष क्षेत्रों में भी संघर्षविराम के प्रयास किए जा रहे हैं।

## इजरायल-हिजबुल्लाह तनाव के बीच लेबनान में भारतीयों को सावधानी बरतने की सलाह

**नई दिल्ली:** बेरूत में भारतीय दूतावास ने सोमवार को लेबनान में रहने वाले अपने नागरिकों से क्षेत्र में हाल की घटनाओं के मद्देनजर सावधानी बरतने और उनसे संपर्क में रहने का आग्रह किया है. दूतावास का एडवाइजरी ऐसे में आई है, जब यहां रविवार को इजरायल ने बमबारी की। इससे पहले इजरायली सेना ने रविवार को घोषणा की कि उसके जेट विमानों ने पूर्वी लेबनान की बेका घाटी में हिजबुल्लाह के हथियार डिपो और बुनियादी ढांचे पर बमबारी की. इससे पहले इजरायली अधिकारियों ने बताया कि लेबनान से एक रॉकेट इजरायली-नियंत्रित गोलान हाइट्स में एक फुटबॉल मैदान पर गिरा, जिसमें 12 बच्चे और किशोर मारे गए. सेना ने इसे 7 अक्टूबर के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला बताया।

**सावधानी बरतने की सलाह**

दूतावास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर, लेबनान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और लेबनान की यात्रा करने की योजना बना रहे लोगों को सावधानी बरतने और बेरूत में भारतीय दूतावास से उनके ईमेल आईडी या आपातकालीन फोन नंबर 96176860128 के माध्यम से संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है." अधिकारियों ने इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच क्षेत्रीय युद्ध की आशंका भी जताई है

वहीं, व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि वह इजरायल और लेबनानी समकक्षों के साथ बात कर रही है और दोनों देशों के बीच सीमा क्षेत्र में सभी हमलों को समाप्त करने के लिए एक कूटनीतिक समाधान पर काम कर रही है

**इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्षों का इतिहास**

इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच कई संघर्षों का इतिहास रहा है. इसमें युद्ध 2006 का युद्ध भी शामिल है. इजरायल लंबे समय से हिज्बुल्लाह को अपनी सीमाओं पर सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है, खास तौर पर इसके बढ़ते शस्त्रागार और सीरिया में स्थापित उपस्थिति के कारण

**बेरूत हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द**

इस बीच बेरूत हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द कर दी गई हैं या उनमें देरी हो रही है. लेबनान की मिडिल ईस्ट एयरलाइंस (टएअ) ने इस व्यवधान के लिए इजरायल और सशस्त्र राजनीतिक समूह हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते तनाव के बीच बीमा जोखिमों को जिम्मेदार ठहराया है

इतना ही नहीं सोमवार को लुफ्थांसा ने घोषणा की कि सावधानी के तौर पर उसने स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स, यूरोविंग्स और लुफ्थांसा द्वारा संचालित बेरूत से आने-जाने वाले पांच मार्गों को 30 जुलाई तक निलंबित कर दिया है।

## टाइफून व भारी बारिश की संभावना के बीच चीन में नदी पर बना बांध टूटा



**बीजिंग :** चीन के हुनान प्रांत में रविवार को नदी पर बना बांध अचानक टूट गया. जिसके बाद करीब 3800 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया गया है. जानकारी के अनुसार, ये बांध मध्य चीन के हुनान प्रांत में मौजूद है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शहर के बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के हवाले से बताया कि बांध टूटने की घटना रविवार रात करीब 8 बजे के आसपास घटित हुई. पता चला है कि बांध में दरार आ गई थी।

वहीं, बांध टूटने की खबर मिलते ही जियांगतान शहर के यिसुहे कस्बे में रहने वाले कुल 3,832 निवासियों को निकाला गया है. अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. मुख्यालय ने कहा, ह्लसशस्त्र पुलिस, मिलिशिया और बचावकर्मियों सहित 1,205 लोगों को बचाव और राहत कार्य में लगाया गया है. जिसमें 1,000 से अधिक स्थानीय अधिकारियों और पार्टी सदस्यों की मदद ली जा रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में प्रधानमंत्री सहित सभी बड़े नेताओं से देश को मुक्ति दिलाने के लिए यज्ञ कर रहा ज्योतिषी गिरफ्तार



**काठमांडू।** खुद को ज्योतिषी और आध्यात्मिक संत का दावा करने वाले पुष्कर खतिवडा को पुलिस ने उनके निवास से यज्ञ करते हुए गिरफ्तार किया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, शेरबहादुर देउवा, पुष्पकमल दाहाल प्रचंड सहित अन्य बड़े नेताओं की तस्वीर रख कर मंत्रोच्चार सहित यज्ञ करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता डीआईजी दान बहादुर कार्की ने बताया कि नेताओं का फोटो रख कर उनका सर्वनाश होने की कामना करते हुए यज्ञ करने वाले पुष्कर खतिवडा को नियंत्रण में लेकर पूछताछ के लिए महाराजगंज थाने में लाया गया है। उन्होंने कहा कि उस यज्ञ का फेसबुक पर लाइव टेलीकास्ट करने के बाद उसकी गिरफ्तारी की गई है। डीआईजी कार्की ने बताया कि पकड़े गए खतिवडा पर साइबर क्राइम का मुद्दा चलाया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक पुष्कर खतिवडा ने अपने निवास पर विधिवत एक पूजा रखी थी। खतिवडा ने सोशल मीडिया पर बताया था कि देश को ऐसे नेताओं से बचाने के लिए वो यम पूजा और यज्ञ कर रहे थे। उस पूजा के दौरान प्रधानमंत्री ओली सहित सभी बड़े नेताओं का सर्वनाश की कामना करते हुए यज्ञ की जा रही थी। खतिवडा ने पुलिस को यह भी बताया कि वो यमराज की पूजा कर रहे थे, ताकि वो आकर इन नेताओं से देश को मुक्ति दे।

# कनाडा के कैलगरी में भारत विरोधी तमाशा, खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह



**कैलगरी (कनाडा)।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहीं। अब यहां के कैलगरी में खालिस्तान पर जनमत संग्रह का तमाशा देखने को मिला। इसमें हिस्सा लेने के लिए कनाडा में रह रहे हजारों सिख कैलगरी के म्यूनिसिपल प्लाजा पहुंचे। यह प्लाजा स्थानीय संयुक्त राज्य राजनयिक मिशन के सामने है। पाकिस्तान के जियो चैनल ने 28 जुलाई को अपनी वेबसाइट पर इस बारे में विस्तार से रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इसका आयोजन खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) समूह ने किया। समूह ने इसका आयोजन अल्बर्टा प्रांत के सिखों की राय जानने के लिए किया। अनुमानतः 10 लाख सिख कनाडा और लगभग एक लाख कैलगरी में रहते हैं। हरदीप सिंह निज्जर के परिवार ने जनमत संग्रह के लिए सबसे पहले मतदान किया। खालिस्तान परिषद के अध्यक्ष डॉ. बख्शीश सिंह संधू ने मतदान की शुरूआत में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जहर उगला।

# इमरान खान से बातचीत करने की बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी ने की पहल



**इस्लामाबाद।** बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने जेल में बंद देश के पूर्व प्रधानमंत्री व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान से बातचीत करने की पहल की है। पार्टी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि अगर वे इच्छुक हैं तो पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने को तैयार है

पीपीपी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद शाह ने बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में मीडिया से बात करते हुए कहा, ऐसा कहा जा रहा है कि पीटीआई संस्थापक बातचीत के लिए तैयार हैं। अगर इमरान खान बातचीत के लिए तैयार हैं तो यह सकारात्मक बात है। शाह ने बातचीत की संभावना का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक घटनाक्रम बताया। समाचारपत्र एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने शाह के हवाले से कहा, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमेशा बातचीत के जरिए समस्याओं को सुलझाने की कोशिश की है और जरूरत पड़ने पर पीपीपी अपनी भूमिका निभाएगी। पीपीपी की खान की पार्टी के साथ सहयोग करने की इच्छा, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ पीटीआई के सख्त रुख के बाद बढ़ी हुई राजनीतिक अस्थिरता के बीच सामने आई है।

# हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 10 दिन बाद बहाल



**ढाका।** बांग्लादेश में देशव्यापी हिंसा और आगजनी के चलते 10 दिन मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रखने के बाद रविवार को बहाल कर दी गईं। ज्ञात रहे कि पड़ोसी बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन जल्द पूरे देश में हिंसा में तब्दील हो गई। सरकार ने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों के प्रसार को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था। खबर के अनुसार, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि सेवाएं बहाल होने के बाद तीन दिन तक सभी उपयोगकताओं को 5 जीबी इंटरनेट मुफ्त दिया जाएगा। स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग तीन बजे मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को फिर से शुरू कर दिया गया।

खबर के अनुसार, ढाका में रॉबी, ग्रामीणफोन, बांग्लालिंक और अन्य ऑपरेटर के उपयोगकताओं ने कहा कि वे अपराह्न तीन बजे के आसपास अपने मोबाइल फोन पर इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं। सरकार ने 18 जुलाई को देशभर में हिंसा बढ़ने के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया था। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्रों ने 1971 में बांग्लादेश के ह्यमुक्ति संग्रामह्ण के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन किया था, जिसने हिंसक रूप ले लिया था। खबरों के अनुसार, हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, मौतों के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को हिंसा के बाद कर्फ्यू लगाने का आदेश देने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि लोगों के जीवन और उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए गए। बांग्लादेश में हालांकि बुधवार को स्थिति सामान्य हो गई।

## निकोलस मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति निर्वाचित




**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार तड़के राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित घोषित किया गया। देश के अधिनायकवादी नेता मादुरो को इस बार के चुनाव में विपक्ष की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। देश के चुनाव प्राधिकरण ने दावा किया कि मादुरो को 51.2 प्रतिशत और मुख्य विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को 44.2 प्रतिशत वोट मिले।

## जयशंकर ने क्वाड विदेशमंत्रियों की बैठक को संबोधित किया, ऑस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री पेनी वोंग से मिले



**टोक्यो।** भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने जापान की राजधानी टोक्यो में सोमवार को अब से कुछ देर पहले चार देशों के समूह क्वाड के विदेशमंत्रियों की बैठक को संबोधित किया है। यह जानकारी उन्होंने अपने एक्स हैंडल में वीडियो के साथ साझा की है।

इससे पहले उनकी ऑस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री पेनी वोंग से मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने सुरक्षा, व्यापार और शिक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहयोग के लिए भारत को धन्यवाद दिया, एफटीए पर हस्ताक्षर की उम्मीद जताई



**माले:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने द्वीप राष्ट्र को ऋण चुकाने में दी गई राहत के लिए भारत को धन्यवाद दिया. साथ ही उम्मीद जताई कि भारत और मालदीव मजबूत संबंध बनाएंगे और एक मुक्त व्यापार समझौते (ऋळअ) पर हस्ताक्षर करेंगे. मुइज्जू शुक्रवार को मालदीव में स्वतंत्रता दिवस के आधिकारिक समारोह को संबोधित कर रहे थे.

मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार अपने संबोधन के दौरान उन्होंने प्रशासन की विदेश नीति की सराहना की और आठ महीने की 'कूटनीतिक सफलता' का जश्न मनाया. राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के ऋण भुगतान को आसान बनाने में सहयोग के लिए भारत और चीन के प्रति आभार व्यक्त किया. इससे देश को आर्थिक संप्रभुता सुनिश्चित करने में मदद मिली।

अमेरिकी डॉलर की स्थानीय कमी को दूर करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि मालदीव सरकार नई दिल्ली और बीजिंग दोनों के साथ मुद्रा विनिमय समझौतों पर बातचीत कर रही है. मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी घोषणा की कि उनका प्रशासन ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है. उन्होंने भारत के साथ भी इसी प्रकार का समझौता करने की आशा व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू सरकार ने दोनों देशों के बीच संबंधों में आई खटास के बाद सुलह का रुख अपनाया. पिछले महीने राष्ट्रपति मुइज्जू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे, जब उन्होंने लगातार तीसरी बार पदभार संभाला था. इस साल की शुरूआत में मुइज्जू ने भारी-भरकम ऋणों के पुनर्भुगतान में राहत की मांग की थी. उन्होंने यहां तक ??कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी बना रहेगा और इस बात पर जोर दिया कि इस बारे में कोई सवाल ही नहीं है। मालदीव स्थित द एडिशन के अनुसार पिछले वर्ष के अंत तक भारत द्वारा मालदीव को दिया गया ऋण 6.2 बिलियन मालदीवियन रूफिया था. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के प्रारंभ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मालदीव को चेतावनी दी थी कि यदि महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन नहीं किए गए तो उसे ऋण संकट का भारी खतरा होगा। उल्लेखनीय है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 'भारत विरोधी' बयानबाजी की है और उन्होंने 'भारत को बाहर करो' की तर्ज पर चुनाव अभियान भी चलाया था. देश से भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्जू की पार्टी का मुख्य चुनावी अभियान था. सत्ता में आने के बाद से उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए हैं जो भारत-मालदीव संबंधों के दृष्टिकोण के विरोध में है। उन्होंने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत न जाकर तुर्की और फिर चीन का दौरा करके एक लंबी परंपरा को तोड़ दिया. उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाया और लगभग 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए. पिछले दिसंबर में मालदीव ने कहा था कि वह भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को अपडेट नहीं करेगा. मुइज्जू सरकार द्वारा भारत से सैनिकों को वापस बुलाने के आधिकारिक अनुरोध के बाद, भारत सरकार ने इस मामले पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया।